INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-331 | मथुरा, शनिवार, 24 जनवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल मथुरा में

# नितिन नबीन बांके बिहारी महाराज के दरबार में लगाएंगे हाजिरी


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर वृंदावन स्थित हेलीपैड का गेट चमकता हुए।


हेलीपैड के समीप मार्ग की दीवार को सजाते पेंटर।


हेलीपैड से टीएफसी के बीच लगाई गाय के चबूतरा पर पलस्तर करते मजदूर।

**प्रमुख संवाददाता**
**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 25 जनवरी को पहली बार मथुरा और वृंदावन की यात्रा पर आ रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कल यहां आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर वृंदावन में हेलीपैड से लेकर अक्षय पात्र और बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर तैयारियां की जा रही हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रस्तावित कार्यक्रम आ चुका है। यमुना एक्सप्रेस वे वृंदावन कट से लेकर वृंदावन तक स्वागत की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। वजह नितिन नबीन की पहली यात्रा होगी। कार्यकर्ता भी स्वागत में कोई

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आएंगे

### अक्षय पात्र परिसर में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनेंगे

### विधायक राजेश चौधरी के वेस्ट प्रताप नगर निवास भी जाएंगे

### वृंदावन से लेकर मथुरा तक प्रशासन जुटा तैयारियों में

कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार कल सुबह 7.30 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष नई दिल्ली से वाया ग्रेटर यमुना एक्सप्रेस वे चलेंगे। सुबह 9.30 बजे बाजना कट पर जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय की अगुवाई में कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। सुबह 10 बजे वृंदावन कट पर मथुरा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर सिंह राजू यादव की अगुवाई में कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोशीला स्वागत करेंगे। यहां से सुबह 10.15 बजे अक्षय पात्र (चंद्रोदय मंदिर) के लिए रवाना हो जाएंगे। पूर्वाह्न 11 बजे अक्षय पात्र चंद्रोदय मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। पूर्वाह्न 11.35 बजे ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचेंगे। यहां पूजा अर्चना करेंगे। दोपहर 12 बजे से 1.15 बजे तक का समय भोजन के लिए आरक्षित होगा। दोपहर 1.15 बजे मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी के निवास स्थान वेस्ट प्रताप नगर के लिए रवाना होंगे। यहां पर उनकी माता जी के निधन पर संवेदना प्रकट करेंगे। दोपहर दो बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।


हेलीपैड से लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय मार्ग पर सड़क किनारे लगी रैलिंग को हरे रंग से चमकाते मजदूर।


हेलीपैड परिसर में सड़क को समतल करते मजदूर।

## जीएसटी टीम का गोल्ड मोहर के गोदाम पर छापा, खलबली मची

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएसटी टीम की छापेमारी से व्यापारियों में खलबली मच गई। टीम में शामिल अधिकारी चार गाड़ियों में सवार होकर सरस्वती कुंड क्षेत्र स्थित गोल्ड मोहर के गोदाम पर पहुंचे। अधिकारियों ने गोदाम पर पहुंचकर गेट को बंद कर दिया। किसी को बाहर निकलने नहीं दिया।

कई घंटे तक चली सर्वे की कार्रवाई में अधिकारियों ने कागजात, कंप्यूटर और लैपटॉप को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारों की मानें तो जीएसटी अधिकारियों के पास इस प्रतिष्ठान से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की शिकायत मिल रही है। टीम ने ममता ट्रेडर्स से जुड़े व्यापारियों से भी पूछताछ की। छापे की खबर से शहर के अलावा इस प्रतिष्ठान से जुड़े दूसरे कस्बों के व्यापारी भी सतर्क हो गए।

## मीटर बदलने की आड़ में कर्मचारियों ने की गुंडागर्दी

### जेई अनूप गौड़ ने गुंडागर्दी में दिया कर्मचारियों का साथ

**यूनिक समय, कोसीकलां।** हाईवे स्थित बसुंधरा कॉलोनी में स्मार्ट मीटर बदलने आए विभागीय कर्मचारियों ने जमकर गुंडागर्दी की, लोगों के घरों के मीटरों को बिना किसी सूचना के तोड़ डाला और नए मीटर लगा दिए। कॉलोनी वासियों ने विरोध किया तो विद्युत विभाग के जेई ने कॉलोनी वासियों पर कर्मचारियों को किडनैप करने की झूठी सूचना दे पुलिस को गुमराह किया। उल्लेखनीय हो कि नगर में पुराने मीटरों को बदला जा रहा है, जिसके स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बताते हैं कि आगरा की कार्यदायी संस्था मीटरों को बदलने का कार्य कर रही है। दोपहर हाईवे स्थित बसुंधरा कॉलोनी में करीब 20 से 25 अज्ञात लोग आए और बिना सूचना दिए मीटर बदलने लगे। जबकि घरों पर सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थी। महिलाओं ने बताया कि कर्मचारियों ने सिर्फ यह कहा कि बिल दिखाओं, और इसके बाद उन्होंने घरों पर लगे मीटरों को तोड़कर नए मीटर लगाना शुरू कर दिया। जैसे जैसे लोगों को मामले की जानकारी हुई इसी दौरान अपने प्रतिष्ठानों को छोड़कर लोग कॉलोनी पहुंच गए। इसके बाद जब कर्मचारियों से आई कार्ड, मीटर बदलने का कोई विभागीय पत्र मांगा तो सभी कर्मचारी बगलें झांकने लगे। कोई जबाब न बनने पर कॉलोनीवासियों ने विरोध के स्वर मुखर किए तो कर्मचारियों ने विद्युत विभाग के जेई अनूप गौड़ से कॉलोनी वासियों द्वारा किए जा रहे विरोध की शिकायत की। इसी दौरान कॉलोनी वासियों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को मौके पर बुला लिया। इस बीच डायल 112 पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कॉलोनी वासियों की बात सुनकर कर्मचारियों की गलती बतायी, जो कि कर्मचारियों ने स्वीकार कर ली। इसके बावजूद भी विद्युत विभाग के जेई अनूप गौड़ ने थाना पुलिस को कर्मचारियों को बंधक बनाने की झूठी सूचना दे गुमराह कर दिया। इतना ही नहीं जेई को फोन पर पुलिस से यह कहते भी सुना गया कि आप जबरन मीटर लगवाइए।

यह सुनकर पुलिस कर्मियों ने कहा कि पुलिस की कोई ड्यूटी नहीं कि वह स्मार्ट मीटर लगवाए। इधर कॉलोनी वासियों का कहना है कि गत मई माह में कॉलोनी का ट्रांसफार्मर फुंक गया था, जिसे जेई ने सही कराने का आश्वासन दे कालोनी में रखा दूसरा ट्रांसफार्मर लगा दिया, जो कि अंतिम सांसे गिन रहा है। लेकिन जेई अनूप गौड़ से दर्जनों बार शिकायत करने के 9 माह बाद भी ट्रांसफार्मर सहीं नहीं हो सका है।

**भव्य कार्यक्रम** | उत्तर प्रदेश दिवस का बीएसए कॉलेज में भव्य आयोजन

## योजनाओं को जन—जन तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

**मुख्य संवाददाता**
**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक योजनाओं की प्रदर्शनियों का फीता काटकर किया। उन्होंने एक–एक कर सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बीएसए कॉलेज के सभागार में लखनऊ स्थित



बीएसए कॉलेज में प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा बच्चों के साथ।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज से आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। मंत्री ने सांस्कृतिक, पर्यटन, समाजसेवा, साहित्य, खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था। कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश दिवस 2026 की थीम "विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत" रखी गई है।

### प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

साथ ही मंत्री, महापौर, मुख्य विकास अधिकारी ने कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया।

इस मौके पर महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार, सहायक श्रमायुक्त एम.एल. पाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र आदि उपस्थित थे।

# मथुरा–वृंदावन मार्ग पर पटरी उखड़ने के बाद भी नहीं बनी कोई योजना


मथुरा–वृंदावन रेलवे लाइन के मार्ग पर झोपड़ी बनाकर रह रहे लोग।


अमरनाथ कॉलेज से जन्म भूमि तक पुरानी रेलवे लाइन पर दोबारा किए अतिक्रमण का नजारा।

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन से वृंदावन के लिए चलने वाली रेल बस लंबे समय से बंद पड़ी है। न तो रेल बस चल रही है और न ही इसके लिए बनी जगह का कोई इस्तेमाल हो रहा है। हालत यह है कि इस मार्ग की रेल पटरी भी काफी पहले उखाड़ दी गई थी। अब यह पूरा इलाका खाली पड़ा है और धीरे–धीरे लोग झुग्गी डालकर रहने लगे हैं। रेल बस बंद होने के बाद जिले के लोगों को उम्मीद थी कि अगर यह सेवा दोबारा शुरू नहीं होगी तो यहां कोई नई और

## झुग्गियां बढ़ीं, रेलवे की चुप्पी सवालों में

बेहतर सुविधा दी जाएगी। शुरुआत में लोगों को लगा था कि रेलवे कोई अच्छी योजना बनाएगा, लेकिन समय के साथ यह उम्मीद टूटती नजर आ रही है। न तो कोई काम शुरू हुआ। कुछ समय पहले प्रशासन ने यहां से अवैध कब्जा हटवाया था। उस समय लोगों को लगा था कि अब इस जमीन की देखरेख होगी और दोबारा कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही यह जगह फिर से कब्जे में चली जाएगी। अमरनाथ विद्या आश्रम स्कूल से लेकर जन्मभूमि रेलवे फाटक तक कई लोगों ने झुग्गियां डालनी शुरू कर दी हैं। धीरे–धीरे खाली पड़ी रेलवे जमीन पर अस्थायी निर्माण बढ़ रहा है।

साथ ही जन्मभूमि से लेकर मसानी तक यह रेलवे लाइन की जगह अवैध कब्जा मुक्त है। लोगों का कहना है कि अगर अभी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं। लोगों का सवाल है कि रेलवे प्रशासन आखिर चुप क्यों बैठा है। क्या कब्जा पूरी तरह हो जाने के बाद ही कार्रवाई होगी? जब पटरी उखाड़ दी गई है और रेल बस नहीं चल रही है, तो इस जमीन की जिम्मेदारी कौन लेगा।

## तापमान / मौसम

24 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

10 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरट 1,61,700

22 कैरट 1,48,764

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

3,35,000 प्रति किलो

## आपातकालीन सेवाएं

112 -आपातकालीन सेवा
1962 - रेलवे हेल्पलाइन
100 - पुलिस
108 - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा)
102 - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा)
101 - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड)
1090 - महिला हेल्पलाइन
1091 - महिला पुलिस सहायता
1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन
104 - स्वास्थ्य सलाह सेवा
1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1033 - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा
1073 - सड़क दुर्घटना आपात सहायता

# आरसीए महाविद्यालय ने मनाया मतदाता दिवस



मतदाता जागरूकता रैली निकालती आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राएं।

**शिक्षा संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** आरसीए बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगित एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं योजनाधिकारी डॉ. प्रतिभा, सोनम यादव के निर्देशन में मतदाता जागरूकता पदयात्रा के.आर.डिग्री

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित

कॉलेज से प्रारंभ होकर राजकीय संग्रहालय तक निकाली गई। कोर्डिनेटर डॉ पल्लवी सिंह ने स्वयंसेविकाओं को मतदाता दिवस को लेकर लोगों के लिए जागरूक कर मतदाताओं को शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर प्राचार्या प्रो. अंजू बाला अग्रवाल आदि मौजूद थी।

# अभ्यास वर्ग में ब्रज व मेरठ प्रांत के शिक्षक पदाधिकारियों ने भाग लिया

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय अभ्यास वर्ग के पहले दिन का शुभारंभ हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। प्रांतीय अभ्यास वर्ग में ब्रज व मेरठ प्रांत के अंतर्गत आने वाले प्रदेश के 26 जिलों से लगभग सैकड़ों शिक्षक पदाधिकारियों ने सहभागिता की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार ने कहा कि संगठन की मूल विचारधारा शिक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ उन्हें सामाजिक दायित्वों से भी जोड़ने की है। शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित न रहकर समाज निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएं, यही संगठन का उद्देश्य है। प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कमल कौशिक ने कहा कि महासंघ शिक्षकों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से निरंतर संवाद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीईटी से संबंधित शिक्षकों की लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर पर पूरी मजबूती


अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय अभ्यास वर्ग में अतिथियों के साथ पदाधिकारी।

के साथ लड़ा जा रहा है। प्रदीप तिवारी ने कहा कि इस अभ्यास वर्ग के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को संगठनात्मक कार्यशैली, दायित्वों एवं भावी रणनीतियों के संबंध में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, समाजसेवी शोभाराम शर्मा एवं शारदा ग्रुप के मनीष गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मनीष गुप्ता, संतोष कुमार शुक्ला, नीलमणि सोनल शर्मा, रमेश यादव, वीरेंद्र

## महासंघ शिक्षकों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ा है : डॉ. कमल कौशिक

कुशवाहा, हेमराज सिंह, इंद्रपाल सिंह, बच्चू सिंह, गोवर्धन दास गुप्ता, गोविंद सिंह, वीरेंद्र शर्मा, गुरु प्यारी सत्संगी, वीरेंद्र सिंह, चक्रपाणि डांगर, गौतम एवं अशोक सोलंकी आदि उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने किया।

## दौड़ प्रतियोगिता 26 को

**यूनिक समय, मथुरा।** गणतन्त्र दिवस पर ओपन पुरूष / महिला की 5 किमी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन खेल निदेशालय उप्र एवं जिला प्रशासन के समन्वय से जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम द्वारा 26 जनवरी प्रातः 9.00 बजे पुरूष एवं महिला ओपन वर्ग क्रॉसकन्ट्री दौड़ का आयोजन कराया जायेगा। साथ ही स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा में प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहरण के साथ राष्ट्रीय गान गाया जायेगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि दौड़ प्रातः 9.00 बजे से रायफल क्लब (जिलाधिकारी निवास) से प्रारम्भ होकर पेट्रोल पम्प चौराहे से बाएं मुड़कर पंचायत भवन, जिला कारागार होते हुए ब्लॉक डेरी फार्म होकर, ऑफीसर्स कॉलोनी होती हुई रायफल क्लब समापन होगा। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दौड़ शुरू होने से पूर्व अपना चेस्ट नम्बर लेना आवश्यक है। बिना चैस्ट नम्बर के किसी भी खिलाड़ी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही चतुर्थ, पंचम एवं सष्टम् स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# अग्रवाल क्लब परिवार का 24 वां शपथ ग्रहण समारोह

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रवाल क्लब परिवार का 24 वां शपथ ग्रहण समारोह एक होटल में आयोजित किया गया। वर्ष 2026 के बने अध्यक्ष दिलीप गर्ग, सचिव शोमित अग्रवाल समेत टीम ने शपथ ग्रहण कर कार्यों को प्राथमिकता करने का संकल्प लिया। निवर्तमान अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं निवर्तमान सचिव योगेश अग्रवाल ने वर्ष 2025 के सभी सहयोगियों सम्मानित किया। रितेश अग्रवाल मन्नत ग्रुप को अग्र परिवार भामाशाह सम्मान, धीरज गोयल को अग्रवाल क्लब परिवार के सर्वोच्च सम्मान अग्र परिवार से सम्मान से नवाजा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अजय कांत


अग्रवाल क्लब परिवार के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मानित करते पदाधिकारी।

गर्ग, दीपक अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, दिलीप गर्ग, शोमित अग्रवाल, संरक्षक सदस्य कपिल अग्रवाल मुकुट वाले, कौशल अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, धीरज गोयल ने किया। वर्ष 2025 के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने अपने सभी सहयोगियों कौशल निकिता अग्रवाल, मनीष मोनिका अग्रवाल, योगेश राधिका अग्रवाल, कृष्ण गोपाल बबीता अग्रवाल, विशाल पारुल अग्रवाल, मोनू रजनी मित्तल, सीमा धीरज गोयल, नीतू दिलीप गर्ग, गौरव कोमल अग्रवाल, विभोर निकिता तायल, विनीत लवली गोयल एवं शिवम अग्रवाल को अध्यक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया। अग्रवाल क्लब परिवार के संस्थापक अजय कांत गर्ग ने अध्यक्ष दिलीप गर्ग एवं नवीन सचिव शोमित अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नए अध्यक्ष दिलीप गर्ग ने अपनी नई कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, संयोजक योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन अग्रवाल पोशाक वाले, सह सचिव चिराग अग्रवाल, मनीष बिंदल, अग्रशक्ति अध्यक्ष श्रीमती योगिता तायल, अग्रशक्ति सचिव श्रीमती नेहा गर्ग को शपथ दिलाई।

# कोसीकलां में राज राजेश्वरी मां भगवती मंदिर निर्माण का शिलान्यास

**संवाददाता**

**यूनिक समय, कोसीकलां। नगर** की आराध्य राज राजेश्वरी मां भगवती देवी मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को विधि–विधान के साथ किया गया। रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर वार्ष्णेय ने पत्नी बबिता वार्ष्णेय, समधी अनिल कुमार जैन, पुत्रों व भतीजों सहित नगरवासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन कर नारियल फोड़ते हुए मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया। पूजन उपरांत मां भगवती देवी का दुग्धाभिषेक किया गया। इस अवसर पर मंदिर निर्माण कार्य के सेवाधिकारी संजीव अग्रवाल, संजय उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। दुग्धाभिषेक के दौरान उपस्थित

## मंदिर का निर्माण नगरवासियों के सहयोग से कराया जा रहा : कमल किशोर वार्ष्णेय

श्रद्धालुओं ने मां राज राजेश्वरी से मंदिर निर्माण को भव्य व दिव्य स्वरूप प्रदान करने का आशीर्वाद मांगा। मुख्य अतिथि कमल किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि मां भगवती देवी के मंदिर का निर्माण नगरवासियों के सहयोग से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर लगभग एक वर्ष में बनकर तैयार होगा, जिसमें चारों ओर भव्य एवं आकर्षक द्वार बनाए जाएंगे। यह मंदिर आने वाले समय में नगर की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## टंकी सरकारी, पानी सप्लाई पर दबंगों का टैक्स

# गांव बेरी में स्थापित जल निगम की टंकी पर दबंगों ने कर लिया है कब्जा

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** क्षेत्र के गांव बेरी में स्थापित सरकारी पानी की टंकी से चंद दबंग पानी सप्लाई के नाम पर करीब एक हजार घरों से टैक्स वसूल रहे। जल निगम की टंकी पर दबंगों का कब्जा है। रसीद देकर हर घर से 50 रुपये महीने अवैध वसूली हो रही है, जिम्मेदार शिकायतों पर पर्दा डाले बैठे हैं। गांव बेरी में एक दशक से अधिक समय पहले ग्रामीणों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए जल निगम ने बड़ी टंकी का निर्माण कराया। गांव में पानी सप्लाई के लिए टंकी बनते देख ग्रामीण खुश हो गए, लेकिन टंकी बनने के कुछ महीने बाद ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। टंकी पर गांव के चंद दबंगों ने कब्जा कर लिया। इसके बाद पानी सप्लाई पर गुंडा टैक्स लगा दिया। करीब 10 साल से गांव के परिवारों से पानी सप्लाई के नाम पर 50 रुपये महीने प्रति परिवार वसूला जा रहा है। पीने के पानी की समस्या से जूझते ग्रामीण शुद्ध पानी की आस में गुंडा टैक्स देने को मजबूर हैं। ग्रामीण फूलवती, निशा, मीरा, लक्ष्मी, अंजलि और काजल, रानी आदि ने बताया कि गांव के कुछ लोग टंकी पर कब्जा किए हुए बैठे हैं।

### छपवाई गई हैं रसीदें

जल निगम की टंकी पर कब्जा करने वाले दबंगों ने बकायदा रसीद भी छपवाई हैं। जल सेवा बेरी के नाम से मुद्रित इन रसीदों को टंकी से पानी की सप्लाई लेने वाले परिवारों को उपलब्ध कराया जाता है। दबंग किसी परिवार से मासिक तो किसी परिवार से वार्षिक धनराशि लेते हैं। जल सेवा बेरी के नाम पर छपाई गई इन रसीदों पर गुड्डू और बलवीर के नाम और मोबाइल नंबर भी अंकित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी पर कब्जा कर कर बैठे गुड्डू और बलवीर पानी सप्लाई के नाम पर ग्रामीणों में भय बनाते हैं। इसी आधार पर वह धनराशि भी वसूलते हैं। नहीं देने पर गाली–गलौज तक की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर डीएम, सीडीओ, डीपीआर और बीडीओ आदि को शिकायती पत्र दिए हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### गांव के हर घर से 50 रुपये महीने की हो रही अवैध वसूली, शिकायत पर पर्दा

हर घर से 50 रुपये महीने जबरन वसूली की जाती है, यदि कोई परिवार किसी कारणवश पैसा नहीं देता है तो दबंग पूरी बस्ती का पानी बंद कर देते हैं। जल आपूर्ति बंद होने से ऐसे परिवारों के लोगों को हैंडपंप पर निर्भर होना पड़ता है। ग्रामीणों को हैंड पंप के पानी से संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा रहता है।




# बालिकाएं अपनी क्षमता व योग्यता से लिख सकती हैं इतिहास



वृंदावन में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को स्टार परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित करते अतिथि व वृंदावन बाल विकास परिषद के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रूकमणि विहार स्थित श्याम सुंदर धानुका सरस्वती विद्या मंदिर पर स्व. एकांशी की पुण्यस्मृति में बालिका गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली डेढ़ दर्जन बालिकाओं को स्टार परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए चयनिका गौतम ने कहा कि बेटी पढ़ाओ और समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाओ की भावना के साथ ही हम इन बालिकाओं के जीवन को सुखमय और शांतिमय में बना सकते हैं। मुख्य अतिथि कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन की अधीक्षिका का शिल्पा मुरगई ने कहा कि यदि बालिकाएं अपनी योग्यता और क्षमता को समझें तो वह कल्पना चावला व किरण बेदी जैसा इतिहास लिख सकती हैं। विशिष्ट स्थिति वीरा गंगवार और डॉ तन्वी दुआ ने कहा कि हमारा भारत देश पूरी दुनिया में मातृशक्ति की ताकत के लिए जाना जाता है। यहां हर बालिका को देवी के रूप में पूजा जाता है।

सम्मानित अतिथि पूजा चौधरी एवं विजयलक्ष्मी सावत ने कहा कि बेटियां साहस हैं और बेटियां अभिमान हैं। इस सोच के साथ अब हमें अपने राष्ट्र को आगे बढ़ाना होगा। इससे पूर्व समारोह में भक्ति वर्मा, ममता, मधु बघेल, पूजा चतुर्वेदी, दीपा निषाद, समीक्षा, कोमल शर्मा, मेघा कुमारी, काव्या, प्रचेता तुमुंग, सोनिया, फागुनी वर्मा, यति सक्सेना और भक्ति को स्टार परफॉर्मेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशीष गौतम चिंटू, कोविद गौतम, शैलेंद्र सिंह, चैतन्य कृष्ण शर्मा, विष्णु गोला, मुकेश कृष्ण शर्मा एवं अमित गौतम आदि उपस्थित थे।

# बयार और बादल से ठंडे पड़े सूरज के तेवर

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** एक दिन पहले हुई बूंदाबांदी के बाद दूसरे दिन शनिवार को मौसम साफ जरूर रहा, लेकिन सर्द बयार की वजह से लोग परेशान हो गए। आसमान पर बादल और तेज सर्द बयार परेशानी की वजह बनती रही। बूंदाबांदी नहीं होने से किसानों ने भी राहत की सांस ली है। सुबह आसमान पर छाए बादल बूंदाबांदी का संकेत देते रहे, लेकिन इस दौरान चली बयार ने आसमान पर छाए बादलों को हटाया तो धूप निकल आई थी। बयार की वजह से धूप भी लोगों को ज्यादा राहत नहीं दे सके। दोपहर में भी धूप खिली रही। वहीं, शाम होने से पहले आसमान पर बादल छा गए। बयार चलने से मौसम फिर पलट गया। वातावरण में ठंड होने से लोग फिर पूरे गर्म कपड़ों में नजर आए।



शनिवार दोपहर आसमान पर छाए बादल।

### दो दिन बूंदाबांदी का पूर्वानुमान

**यूनिक समय, मथुरा।** मौसम विभाग ने जनपद से जुड़ा मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। 27 और 28 जनवरी को आसमान पर बादल छाए रहने के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, इस अवधि में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

## पीपाद्वाराचार्य श्री बलराम दास महाराज ने संतों के साथ व्यासपीठ का पूजन किया

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** ब्रज चौरासी कोस की यात्रा के गाँव कोटवन स्थित ठाकुर श्री ब्रजभूषण मन्दिर में आयोजित होने वाली श्रीरामकथा एवं श्री राम महायज्ञ के दूसरे दिन की रामकथा प्रातः दस बजे से प्रारंभ हुई। श्रीरामकथा का शुभारंभ पीपाद्वाराचार्य श्री बलराम दास महाराज, श्री रामकथा वक्ता पूज्य चिन्मयानंद बापु, महंत नरहरि दास, देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने व्यास पीठ का पूजन और आरती करके किया। कथा के शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि पूज्य संतो ने व्यास पीठ का पूजन कर व्यासाचार्य मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास महाराज का माला दुप्पटा और चंदन लगाकर स्वागत किया। दूसरे दिन की आयोजित श्रीराम कथा में व्यास जी महाराज ने कैकई वरदान, रामसीता लक्ष्मण बनवास, दशरथ विलाप की कथा का वर्णन किया।

# बोर्ड परीक्षा के दबाव में घर से निकला छात्र सुरक्षित लौटा



## ज्योतिषीय मार्गदर्शन से मिली सफलता, परिजनों ने जताया आभार

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के मानसिक दबाव में एक नाबालिग छात्र देर रात घर से निकल गया, जिससे परिजनों परेशान होने लगे। घटना रात लगभग डेढ़ बजे की बताई जा रही है। बच्चे के अचानक लापता होने की जानकारी मिलते ही परिवार और परिचितों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कई घंटों तक कोई सुराग नहीं मिल सका। लगातार प्रयासों के बावजूद सफलता न मिलने पर परिजनों ने एस्ट्रोलॉजर प्रियंका उपाध्याय से संपर्क किया। उन्होंने उपलब्ध जन्म विवरण और ग्रह–स्थिति के आधार पर छात्र की मानसिक अवस्था और स्थिति के बारे में बताया गया। उनका कहना था कि बच्चा सुरक्षित है और सही दिशा में प्रयास करने पर जल्द मिल जाएगा। ज्योतिषीय मार्गदर्शन के अनुसार खोज को आगे बढ़ाया गया, जिसके बाद छात्र को सुरक्षित अवस्था में ढूंढ लिया गया। बच्चे की सकुशल घर वापसी होते ही परिजनों ने राहत की सांस ली और घर में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों का कहना है कि कठिन समय में मिले सकारात्मक मार्गदर्शन ने उन्हें उम्मीद और संबल दिया। परीक्षा के समय विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव बढ़ जाता है।




# राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री को लेकर अधिकारियों की तैयारियां शुरू



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आने से पहले बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के पास पुलिया पर लगाए परदे।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की खबर पर निरीक्षण करते डीएम सीपी सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह समेत अन्य मंत्री और पदाधिकारियों के मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी के वेस्ट प्रताप नगर स्थित निवास स्थान पर आने की खबर से अधिकारियों की दौड़ शुरू हो गई। बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने से वेस्ट प्रताप नगर जाने वाले मार्ग को चमकाने का काम शुरू हो गया। पुलिया पर गंदगी को ढकने के लिए परदा लगा दिया। डिवाइडर को पानी से धोया गया है। सड़क मार्ग की सफाई भी की जा रही है।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बांके बिहारी मंदिर एवं अक्षय पात्र आदि का निरीक्षण किया। मथुरा में एएसपी आशना चौधरी ने भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीजीपी शैलेश कुमार पांडे ने भी अक्षयपात्र का निरीक्षण किया।

## नगर आयुक्त जगप्रवेश ने क्षेत्रों का जायजा लिया

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के मथुरा–वृंदावन आगमन को लेकर नगर निगम की ओर युद्धस्तर पर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने महानगर के एसबीआई चौराहा, मुर्गा फाटक, डैंपियर नगर, पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम मार्ग, भगत सिंह पार्क एवं आसपास के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, सीवर व्यवस्था, पैच वर्क, दीवारों पर कराई गई वॉल पेंटिंग सहित सभी तैयारियों का जायजा लिया। नगर



आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के आगमन मार्गों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे। नगर निगम के साथ–साथ अन्य विभाग भी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त सौरभ सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका एक महत्वपूर्ण अंग



महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि और विशिष्ट अतिथि।

**यूनिक समय, वृन्दावन।** श्याम सुंदर धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूजा चौधरी, सविता गंगवार, विशिष्ट अतिथि डॉ तन्वी दुआ तथा डॉ. माधवी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संवाद, प्रेरणा, महिलाओं के संवर्धन हेतु बौद्धिक रूप से समृद्ध आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा चौधरी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तनों के बारे में मंथन किया गया। राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए। इसमें महिलाओं की भूमिका एक महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानाचार्या श्रीमती विजया लक्ष्मी सावत ने कहा कि किस तरह समाज आजकल विघटित हो रहे हैं। हमें समाज में एकता की भावना का विकास करना है। संचालन श्रीमती कल्पना देवी राठौर एवं सुश्री सुजाता सिंह ने किया।

## उत्कृष्ट सेवा पर मथुरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सम्मानित



**यूनिक समय, मथुरा।** महाकुंभ 2025, प्रयागराज के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर मथुरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लखनऊ में आयोजित एक समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा श्रीमती पद्मजा चौहान ने प्रदान किया। महाकुंभ 2025 के दौरान सीएफओ की अग्नि सुरक्षा, आपात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए कार्य की शासन स्तर पर सराहना की गई।

## बसंत पंचमी पर खंडेलवाल यूथ फेडरेशन ने कराया सुंदरकांड पाठ



**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** खंडेलवाल यूथ फेडरेशन ने बसंत पंचमी पर एक होटल में सुंदरकांड पाठ कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान की पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर नन्हे–मुन्ने बच्चों ने श्रीराम, माता सीता एवं भगवान शिव का स्वरूप धारण कर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। समापन पर श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं श्री हनुमान जी की आरती की गई। साथ ही अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा फेडरेशन से जुड़े सदस्यों के माता–पिता का सम्मान किया गया। खंडेलवाल यूथ फेडरेशन के अध्यक्ष नितिन, मंत्री मनीष, कोषाध्यक्ष अंकित, विशेष सहयोगी सचिन तथा मोहित, पंकज, गौरांग, शशांक, प्रशांत एवं पुनीत ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम जारी

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जनवरी 2026 को मथुरा जनपद के भ्रमण पर रहेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी अतिगोपनीय वीवीआईपी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे लखनऊ स्थित 5, कालिदास मार्ग से प्रस्थान करेंगे। अमौसी एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान द्वारा आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा वृंदावन के पवनहंस हेलीपैड पर आगमन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृंदावन स्थित अक्षयपात्र कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके बाद वह श्री बांके बिहारी जी मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे। दर्शन उपरांत मुख्यमंत्री राजेश चौधरी, विधायक के आवास पर आरक्षित समय बिताएंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री पुनः पवनहंस हेलीपैड से आगरा के लिए रवाना होंगे और वहां से राजकीय विमान द्वारा लखनऊ लौटेंगे। मुख्यमंत्री 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा (एनएसजी कवर सहित) के अंतर्गत रहेंगे। उनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## संजय नगर के परिवार करने लगे पलायन



एक गाड़ी में सामान भरकर जाता परिवार।

**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णानगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संजय नगर, हरिनगर और आसपास के इलाकों से गुजरने वाले नाले पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र में हलचल मची हुई है। सिंचाई विभाग द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के वर्ष 2023 के आदेश के अनुसार नाले पर और किनारे बने मकानों पर नोटिस लगाए गए हैं। नोटिस में संबंधित लोगों को 24 जनवरी तक मकान खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस लगने के बाद क्षेत्र में हलचल का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार को विभागीय टीम ने माइक के माध्यम से सूचना देकर लोगों को तय समय सीमा के बारे में बताया। शुक्रवार को समय नजदीक आते देख कुछ परिवारों ने अपने मकानों से समान खाली करना शुरू कर दिया है।

कई लोग जरूरी घरेलू सामान समेटकर दूसरे स्थानों पर जाने की तैयारियां कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में लोग लंबे समय से रह रहे हैं और उनके परिवार यहीं बसे हुए हैं। ऐसे में मकान खाली करने की सूचना मिलने के बाद उन्हें नई जगह तलाशने और रहने की व्यवस्था करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ परिवार रिश्तेदारों के यहां तो कुछ किराए के मकान की तलाश में हैं।

# वाल्मीकि–जाटव समाज के साथ रालोद नेताओं की बैठक

### संजय नगर कॉलोनी में दलित परिवारों के मकान तोड़ने का मामला

### रालोद ने जन–आंदोलन की चेतावनी दी



**मुख्य संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णा नगर पॉश इलाके के समीप स्थित संजय नगर कॉलोनी में वर्षों से निवास कर रहे अनुसूचित जाति समाज के गरीब एवं मेहनत कर परिवारों के लगभग 300 मकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. यशपाल बघेल, जिला अध्यक्ष राजपाल भरंगर एवं महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति ने वाल्मीकि–जाटव समाज के लोगों के साथ एक बैठक की। बैठक में प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनी गईं और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ से पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद कुछ हठधर्मी प्रशासनिक अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए गरीब और दलित परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं, जो न केवल निंदनीय है। राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने प्रशासन से कहा कि यदि शीघ्र ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की ठोस और लिखित व्यवस्था नहीं की गई, तो राष्ट्रीय लोकदल वाल्मीकि–जाटव समाज के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर बड़ा जन–आंदोलन करने को मजबूर होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में वरुण वाल्मीकि, अरुण वाल्मीकि, नेमि सिंह, जॉनी, बंटी वाल्मीकि, कमल, रोहताश, विष्णु, पंकज, सुनील, रामू, विजय, क्रिस्टोफर, ओमवीर, किशन, मोनू सहित सैकड़ों की संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित थे।

# जीएलए पॉलिटेक्निक के छात्रों ने किया एमएसएमई का औद्योगिक भ्रमण

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने हाल ही में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) आगरा का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योगों में प्रयोग की जा रही आधुनिक मशीनरी, नवीन उत्पादन तकनीकों, गुणवत्ता मानकों तथा औद्योगिक कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को एमएसएमई में संचालित विभिन्न तकनीकी वर्कशॉप, मशीन टूल प्रयोगशालाओं, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, उत्पादन योजना, सामग्री परीक्षण तथा गुणवत्ता नियंत्रण (क्वालिटी कंट्रोल) की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सीएनसी मशीन, लेथ मशीन, मिलिंग, ग्राइंडिंग, फैब्रिकेशन और आधुनिक उत्पादन प्रणालियों की कार्यप्रणाली को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। इसके साथ ही छात्रों को औद्योगिक सुरक्षा मानकों, मशीन संचालन के दौरान सावधानियों, ऊर्जा दक्षता, उत्पादन लागत नियंत्रण और औद्योगिक अनुशासन के महत्व से भी अवगत कराया गया। एमएसएमई के विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि



जीएलए विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक के छात्र एमएसएमई के औद्योगिक भ्रमण के दौरान। साथ हैं पॉलिटेक्निक संस्थान के पदाधिकारीगण।

वर्तमान समय में उद्योगों में बहु-कौशल तकनीशियनों की आवश्यकता बढ़ रही है और पॉलिटेक्निक छात्र रोजगार की दृष्टि से एक मजबूत आधार रखते हैं। एमएसएमई के अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण छात्रों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे उनमें तकनीकी दक्षता, समस्या समाधान क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है। छात्रों ने भी इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें उद्योगों में कार्यप्रणाली, मशीनों के उपयोग और भविष्य की नौकरी से जुड़ी स्पष्ट समझ मिली है। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक संस्थान के प्राचार्य डॉ. विकास कुमार शर्मा ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण पॉलिटेक्निक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे छात्र पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक तकनीकी वातावरण को समझते हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्रों के तकनीकी कौशल, व्यावहारिक समझ और औद्योगिक सोच को मजबूत करते हैं। हमारा उद्देश्य है कि छात्र शिक्षा के साथ-साथ उद्योग की जरूरतों के अनुरूप स्वयं को तैयार करें। भविष्य में भी इस प्रकार के औद्योगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। भ्रमण के दौरान मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रवक्ता प्रदीप कुमार सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया और उद्योग विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कराया।

## बृज चिकित्सा संस्थान के स्थापना दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बृज चिकित्सा संस्थान के 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय मल्टी-सुपरस्पेशलिटी नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर के द्वितीय दिवस शनिवार को मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा एवं यथार्थ हॉस्पिटल, फरीदाबाद के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में हृदय, श्वास, मूत्र, हृदय शल्य, हार्मोन तथा पेट-लिवर रोगों से संबंधित परामर्श दिया गया। साथ ही पीएफटी एवं बीएमडी जांचें नि:शुल्क की गईं। लगभग 200 मरीजों ने पंजीकरण कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर विनोद अग्रवाल ने किया। उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल (हाथी वाले) द्वारा उनका अभिवादन किया गया, जबकि स्मृति चिन्ह मंत्री अनुराग कसेरे ने भेंट किया। महापौर ने चिकित्सकों और मरीजों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्थान को नगर पालिका की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अपूर्व अग्रवाल, एड दीपक गोयल, नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स के मंत्री राम प्रकाश, तुषार हाथी वाले, मनोज बजाज, विजय माला वाले, अन्नपूर्णा फाउंडेशन से राहुल अग्रवाल तथा गजानंद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर की सफलता में संस्थान के कर्मचारी रोहित जोसफ, दीक्षु शर्मा, अमित आदि का विशेष योगदान रहा।

## बसंत उत्सव के मध्य भजनों की भक्ति में झूमे भक्त



श्रीकृष्ण सामूहिक संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित भजन संध्या में उपस्थित भक्त।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में बसंत उत्सव के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण सामूहिक संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण गोपाल शर्मा द्वारा विधिवत गणेश एवं केशव वंदना के साथ किया गया। भजन संध्या में मनमोहन आगरा वालों ने "रंग डाल गयो री मो पे साँवरो", विजय बंसल ने "मैं तो मर गई होरी में", घनश्याम रसिक ने "डारे रंग डारे सांवरिया" तथा दीपक शर्मा ने "नेक आगे आज श्याम तोपे पर रंग डालो" जैसे रसपूर्ण होली भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर भक्तगण भाव-विभोर होकर झूम उठे। केशव के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा, महेश गोयल, राजकुमार मैदा वाले, वीरेंद्र अग्रवाल, नारायण प्रसाद शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## श्रीजानकीवल्लभ मंदिर का वार्षिक महोत्सव प्रारंभ



श्रीजानकीवल्लभ मंदिर के वार्षिक महोत्सव पर आयोजित संगोष्ठी में संत।

**यूनिक समय, वृंदावन।** केशीघाट स्थित श्रीजानकीवल्लभ मंदिर में भगवत प्रतिष्ठा का वार्षिक महोत्सव का समापन हो गया। श्रीजानकीवल्लभ लालजी के 51वें पाटोत्सव के साथ-साथ श्रीलक्ष्मीवेंटेश्वरजी, श्रीहनुमानजी एवं ब्रह्मर्षि देवरहा बाबाजी की मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह वैकुंठवासी अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज की कृपा एवं स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज के सानिध्य में मनाया गया। भगवान राम लक्ष्मण जानकी को पालकी पर विराजमान कर शोभा यात्रा निकाली। 'रामजी का वात्सल्य गुण' विषय पर विद्वत् गोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज ने की। इस मौके पर नेत्रपाल शास्त्री, स्वामी अनंताचार्य, स्वामी देवनायकाचार्य, नरेश नारायणाचार्य ने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में गोविंद दास महाराज, माधव नारायण आचार्य, रामनारायण, रघुनाथ आचार्य, पियूष, अंकित, सुधीर गौतम, मोनी बाबा, महेश अग्रवाल एवं राम अवतार नरसिंगिया आदि उपस्थित थे।

## लूट की घटनाओं में शामिल तीन शातिर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन थाना पुलिस एवं एंटी रॉबरी टीम ने शुक्रवार दिन-रात चली कार्रवाई में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूट की कई घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त क्षेत्र में लंबे समय से लूट व आपराधिक वारदातों में सक्रिय थे। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से लूट से संबंधित सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस अभियुक्तों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं की जानकारी जुटा रही है। कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा है।

## भारत को हिन्दू एकता की जरूरत

**यूनिक समय, वृंदावन।** अनाज मंडी स्थित समग्र हिन्दू चेतना समिति के कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसमें संत बृजबिहारी दास महाराज, सुन्दर दास महाराज एवं प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र कुमार ने भारत माता के चित्रपट के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। संत बृज बिहारी महाराज ने कहा भारत में हिन्दुओं को संगठित रहने की आवश्यकता है। महंत सुन्दर दास ने विचार व्यक्त किए। प्रांत प्रचारक धर्मेन्द्र कुमार समिति के सदस्यों से कहा कि हम सभी को पूर्ण उत्साह से प्रत्येक हिन्दू परिवार में जाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निमंत्रण देने पर जोर दिया। इस अवसर डॉ. संजय अग्रवाल, कुशअवतार , विजय राघव, कृष्णकांत जोशी, अंकित, केशीपंकज, मदनमोहन, प्रेम शंकर वैद्य, आनन्द, दीपक, नृत्य गोपाल, वैभव अग्रवाल, विरी सिंह एवं लक्षण सर्राफ लक्ष्मीनारायण आदि उपस्थित थे।

## आईओपी में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के तहत व्याख्यान

**यूनिक समय, वृंदावन।** आईओपी में मनाए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी हेमेन्द्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के लिए 24 जनवरी काफी अहम है। भारत की सांस्कृतिक धरोहरों को अगर किसी एक प्रदेश की पहचान में समेटा जाए, तो उत्तर प्रदेश इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। प्राचार्य प्रो. पी.के. सारस्वत ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपना 76 वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। 24 जनवरी 1950 को 'यूनाइटेड प्रोविंस' का नाम बदलकर 'उत्तर प्रदेश' रखा गया था। इस अवसर पर प्रो. सरला शर्मा, प्रो. अनंत कुमार यादव, प्रो. योगेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, प्रो. दीपिका वर्मा, डॉ. के. एल. अग्रवाल, डॉ. वीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, सुनीत शुक्ला, डॉ. अनुज कुमार, श्रीमती मृदुला पाण्डेय, पवित्र गोस्वामी, धर्मेन्द्र कुमार, श्सुभाष कृष्ण सरकार तथा सौरभ कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित थे।

## दंत चिकित्सकों को दी कैंसर की रोकथाम और स्क्रीनिंग की जानकारी

### के.डी. डेंटल कॉलेज में निवारक ऑन्कोलॉजी पर सीडीई आयोजित

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में निवारक ऑन्कोलॉजी विषय पर सतत दंत शिक्षा (सीडीई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नियमित दंत चिकित्सा अभ्यास में कैंसर की रोकथाम, स्क्रीनिंग एवं जोखिम मूल्यांकन की नवीन अवधारणाओं से प्रशिक्षुओं, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अवगत कराना था। सीडीई कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. मनीषा लखनपाल शर्मा ने मौखिक एवं सामान्य ऑन्कोलॉजी में शीघ्र निदान और रोकथाम-उन्मुख रणनीतियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि निवारक



अतिथि वक्ता डॉ. मनीषा लखनपाल शर्मा का स्वागत करते कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, साथ में प्राचार्य डॉ. नवप्रीत कौर।

ऑन्कोलॉजी का उद्देश्य केवल कैंसर को रोकना ही नहीं, बल्कि प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर रोगी के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना भी है। के.डी. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी ने इस शैक्षणिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे निरंतर परिवर्तनों से भावी दंत चिकित्सकों को अवगत कराना संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नवप्रीत कौर ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए दैनिक नैदानिक अभ्यास में निवारक ऑन्कोलॉजी को शामिल करने पर बल दिया। डॉ. मनीषा शर्मा ने उच्च जोखिम वाले घावों की पहचान, तंबाकू व शराब से होने वाले जोखिम, चेयरसाइड स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल, संदिग्ध घावों के दस्तावेजीकरण एवं रेफरल प्रक्रिया पर व्यावहारिक जानकारी दी। संवादात्मक सत्रों में प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सीडीई की सफलता में डॉ. सिद्धार्थ सिसोदिया, डॉ. अनुज गौड़, डॉ. मनीष भल्ला, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. राजीव एवं डॉ. जुही दुबे का विशेष योगदान रहा।

## ट्रेन की टक्कर से ड्यूटी कर रहे ट्रैकमैन की मौत

**यूनिक समय, चौमुहां।** छटीकरा रेलवे ट्रैक पर ड्यूटी कर रहे ट्रैकमैन हरिवीर सिंह (40) की गश्त के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद से रेलवे महकमे और मृतक के गांव फैंचरी में मातम पसरा हुआ है। हरिवीर पिछले 3 सालों से ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत था। शनिवार रात खंभा संख्या 1406/3 और 1404/4 के बीच तेज रफ्तार ट्रेन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हरिवीर की सांसें थम चुकी थीं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिवीर के सिर और माथे पर गहरे जख्म बन गए, जबकि उनका दाहिना पैर शरीर से अलग हो गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को ट्रैक से हटाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक हरिवीर अपने पीछे पत्नी अनीता के अलावा तीन बच्चे-डोली (18), मयंक (10) और प्रभात (8) को रोता-बिलखता परिवार छोड़ गए हैं। भाइयों कनक और देवी सिंह ने बताया कि हरिवीर ही परिवार का मुख्य सहारा थे

24 एम
श्रीजान
महोत्सव

# उम्र के साथ तेज क्यों भागने लगता है समय? बचपन की धीमी घड़ी का मनोविज्ञान

**यूनिक समय, मथुरा।** बचपन में समय मानो ठहर-सा जाता था। दिन लंबे होते थे, गर्मियों की छुट्टियां कभी खत्म न होने वाली लगती थीं और हर छोटा अनुभव भी खास महसूस होता था। स्कूल के दो सत्रों के बीच का अंतराल महीनों जैसा लगता था।

लेकिन जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है, यही समय पंख लगाकर उड़ने लगता है। वयस्कों की आम शिकायत है कि त्योहार, सालगिरहें और छुट्टियों का मौसम हर साल पहले से जल्दी आ जाता है। सवाल उठता है–आखिर उम्र के साथ समय "फास्ट–फॉरवर्ड" क्यों लगने लगता है, और क्या बचपन जैसी धीमी समय–धारणा को दोबारा पाया जा सकता है?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार इसका सबसे बड़ा कारण नए अनुभवों की कमी है। आयरलैंड की टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ऑफ द शैनन के मनोवैज्ञानिक क्रिस्टोफर ड्वायर बताते हैं कि बच्चों के लिए एक साल उनकी पूरी जिंदगी का बड़ा हिस्सा होता है। इसलिए हर साल उन्हें लंबा और विस्तृत महसूस होता है। इसके अलावा बचपन में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर तेजी से बदलाव होते हैं, जिससे हर अवधि यादगार बन जाती है। लीड्स बेकेट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक स्टीवन टेलर के मुताबिक




नया अनुभव समय को "खींच" देता है। पहली बार कोई स्वाद चखना, किसी नई जगह जाना, नए लोगों से मिलना या नया कौशल सीखना दिमाग में गहरी स्मृतियां बनाता है। जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो ऐसे अनुभवों से भरा समय हमें लंबा और समृद्ध लगता है। यही वजह है कि यात्रा के दौरान बिताए गए कुछ ही दिन बाद में कई हफ्तों जैसे महसूस होते हैं। इसके उलट, वयस्क जीवन अक्सर एक जैसी दिनचर्या में बंधा होता है–वही रास्ते, वही काम, वही लोग। दिमाग को कम नई जानकारी मिलती है, इसलिए समय तेजी से गुजरता हुआ लगता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय को फिर से "धीमा" महसूस करने के लिए रोजमर्रा की इस लय को हल्का–सा तोड़ना जरूरी है। इसके लिए महंगे सफर या बड़े बदलाव जरूरी नहीं हैं। अपने शहर के किसी नए इलाके में घूमना, घर पर कोई अलग व्यंजन बनाना, नया शौक अपनाना, संगीत या भाषा सीखना–ये छोटे–छोटे प्रयोग भी असरदार हो सकते हैं। ध्यान बस इतना रहे कि यह नयापन आनंद दे, बोझ न बने। टेलर के अनुसार समय को धीमा करने का मतलब डर या बेचैनी पैदा करना नहीं, बल्कि अनुभवों की पूर्णता बढ़ाना है। जब हमारे दिन नए, अर्थपूर्ण अनुभवों से भरते हैं, तो वही दिन लंबे, यादगार और जीवन से जुड़े हुए महसूस होने लगते हैं।

## धैर्य, परिश्रम और लगन से ही मिलती है सफलता

दोस्तो अभ्यास की शक्ति का तो कहना ही क्या हैं।. यह आपके हर सपने को पूरा करेगी। अभ्यास बहुत जरूरी है चाहे वो खेल में हो या पढ़ाई में या किसी और चीज में। बिना अभ्यास के आप सफल नहीं हो सकते हो। अगर आप बिना अभ्यास के केवल किस्मत के भरोसे बैठे रहोगे तो आखिर में आपको पछतावे के सिवा और कुछ हाथ नहीं लगेगा। इसलिए अभ्यास के साथ धैर्य, परिश्रम और लगन रखकर आप अपनी मंजिल को पाने के लिए जुट जाए।

## जीवन में अपना जुनून कैसे खोजें

जुनून सिर्फ एक शौक नहीं होता, बल्कि वह काम होता है जिसे करते समय, समय का एहसास ही नहीं होता। जब आपका करियर आपके जुनून से जुड़ जाता है, तो काम बोझ नहीं बल्कि संतुष्टि बन जाता है। यही वजह है कि सही जुनून पहचानना जीवन की सबसे अहम खोजों में से एक है।

## करियर बदलना : डर नहीं, अवसर

करियर बदलना आसान नहीं होता। स्थिर आय, सामाजिक दबाव और असफलता का डर-ये सभी हमें रोकते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि सही समय पर लिया गया करियर परिवर्तन स्थायी खुशी और आत्मसंतोष दे सकता है।

## परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक मार्क्स लाने के उपाय

- रोजाना चार बजे उठकर दो घंटे पढ़ाई करें, लेकिन सिर्फ कठिन विषयों पर।
- हर चैप्टर के बाद 10 मिनट की वॉक करें और मन में सारांश दोहराएं।
- कमजोर टॉपिक्स को रंगीन कागज पर लिखें और दीवार पर चिपकाएं।
- रात को सोने से पहले 20 मिनट पुराने नोट्स पढ़ें, याददाश्त 80 प्रतिशत बढ़ेगी।
- एक दिन में सिर्फ दो विषय जरूर पढ़ें, ज्यादा विषयों से बचें।
- हफ्ते में एक बार खुद से टेस्ट लें और गलतियों की सूची बनाएं।
- सुबह 6-8 बजे का समय याददाश्त के लिए सबसे बेहतर होता है।

## 12वीं के बाद करोड़पति बनाने वाले टॉप 10 कोर्स

- **सीए-** सस्ती फीस, हाई सैलरी, किसी भी स्ट्रीम से करें।
- कमर्शियल पायलट– पीसीएम के बाद, विदेश में लाखों की सैलरी।
- एनिमेशन/वीएक्सएफ- क्रिएटिव फील्ड, बॉलीवुड हॉलीवुड में मौके।
- मार्केटिंग मैनेजर– हर कंपनी को जरूरत, हाई पैकेज ।
- बीबीए/बीएमएस– बिजनेस की शुरुआत, एमबीए के बाद करोड़ों।
- कंप्यूटर साइंस सॉफ्टवेयर, एएल, डेटा साइंस में कमाई।
- फार्मेसी दवा इंडस्ट्री में अच्छा स्कोप ।
- इवेंट मैनेजमेंट एक साल में कोर्स, ग्लैमर पैसा।
- वेब डिजाइनिंग डिजिटल स्किल्स से फ्रीलांस और जॉब।
- फिटनेस ट्रेनर– फिटनेस ट्रेंड से लाखों की कमाई

रातों रात किस्मत चमक जाए।

## हर दिन अपनाएं ये 15 आदतें

- रात 10 बजे से पहले सोना दवा है।
- प्रकृति में टहलना दवा है।
- खाली पेट 600 एमएल पानी पीना दवा है।
- हर दिन भगवान को याद करना दवा है।
- नशीले उत्पाद का सेवन न करना दवा है
- प्रतिदिन एक्सरसाइज करना दवा है।
- नकारात्मक लोगों से दूर रहना दवा है।
- हर दिन 5 मिनट गहरी सांस लेना दवा है।
- सुबह की 20 मिनट की धूप लेना दवा है।
- प्रतिदिन 8 घंटे की नींद लेना दवा है।
- हर दिन आभार व्यक्त करना दवा है।
- रोजाना 10 मिनट ध्यान करना दवा है।
- धीरे–धीरे चबाकर खाना खाना दवा है।
- मोबाइल के प्रयोग को कम करना दवा है।
- हंसना और खुश रहना दवा है। रोज कुछ नया सीखना दवा है।

# प्रेरक शायरी

- तू रख यकीन बस अपने इरादों पर, क्योंकि तूफानों से घबराने वालों की कभी पहचान नहीं बनती। जिंदगी की राह में मुश्किलें हर किसी के हिस्से आती हैं, लेकिन वही लोग इतिहास रचते हैं, जो हालात के आगे झुकने के बजाय उन्हें चुनौती बनाते हैं। तेरी हार, तेरे हौसलों से बड़ी नहीं हो सकती, बस शर्त इतनी है कि तू खुद से कभी हार न माने। हर गिरावट एक सीख है, हर ठोकर एक अनुभव, और जो गिरकर संभलना जानता है, वही असली जीत का मतलब पहचानता है।
- मंजिलें उन्हें ही मिला करती हैं, जिनके सपनों में जुनून और आँखों में आग होती है। ख्वाब देखना आसान है, लेकिन उन्हें पूरा करने की हिम्मत हर किसी में नहीं होती। पंख सबके पास होते हैं, पर उड़ान वही भरता है, जिसके हौसले आसमान से ऊँचे होते हैं। जो अपने डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ता है, वही अपनी किस्मत खुद लिखता है। हालात चाहे कितने ही मुश्किल क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो रास्ते खुद बन जाते हैं, और बंद दरवाजे भी एक दिन खुल जाते हैं।
- हमें शेर की तरह जीने का शौक है, डर के साये में पलना हमारी फितरत नहीं। हम हालातों के गुलाम नहीं, बल्कि उन्हें बदलने का जज्बा रखते हैं, हम वो हैं जो अंधेरों में भी रास्ता ढूंढ लेते हैं, क्योंकि हमारे हौसलों में उजाला बसता है। जब दुनिया शक करती है, तब हम खुद पर भरोसा करना सीखते हैं। जो खुद पर भरोसा रखते हैं, दुनिया आखिरकार उनके कदमों में झुकती है।

## विनम्रता और मानवता को जीवित रखने वाली सर्वश्रेष्ठ जीवन–शिक्षा

अक्सर ऊँची डिग्रियां और बड़ा पद मिलने के बाद इंसान के भीतर 'अहंकार का जन्म हो जाता है। वह अपनों को और समाज के कमजोर वर्ग को छोटा समझने लगता है। लेकिन याद रखिये, विद्या का आभूषण विनम्रता है। अगर आपकी शिक्षा ने आपको झुकना नहीं सिखाया तो समझो आपने अभी तक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पाठ मिस कर दिया है। जिस प्रकार समुद्र गहरा होने के बावजूद शांत रहता है, उसी प्रकार एक महान शिक्षित व्यक्ति अपनी सफलता को अपने सिर पर नहीं चढ़ने देता। 'शिक्षा की ताकत' आपको यह एहसास कराती है कि आप चाहे कितने भी ऊँचे उठ जाएं, आपके पैर हमेशा जमीन पर होने चाहिए। अपनी जड़ों का सम्मान करें और अपने ज्ञान का उपयोग दूसरों को नीचा दिखाने में नहीं, बल्कि उन्हें सहारा देने में करें। विनम्रता ही वह शक्ति है जो आपको वास्तव में अमर बनाती है।

## बच्चों को कैसे पढ़ाएं

- बच्चे को पढ़ाई "काम" नहीं, खेल लगनी चाहिए। सीखने में मस्ती जोड़ो तो याद अपने आप रहेगा।
- बच्चे को सुनो – वो क्यों नहीं पढ़ना चाहता? कभी–कभी कारण किताब नहीं, हमारा तरीका होता है।
- डाँटने से नहीं, कनेक्ट करने से बच्चा सीखता है। पहले रिश्ता मजबूत करो, फिर शिक्षा अपने आप होगी।
- छोटी जीतों की तारीफ करो।
- बच्चा जब आपकी आंखों में खुशी देखेगा तो खुद से और मेहनत करेगा।
- बच्चा तब नहीं पढ़ता जब उसे मजबूर किया जाए, वो तब पढ़ता है जब उसे समझा जाए।

## बच्चों से बात मनवाने के सात आसान तरीके

- धीरे बोलो-जब आप प्यार से बोलते हो, तो बच्चा ज्यादा ध्यान से सुनता है, चल्लाने से नहीं।
- आँखों में देखो-एक प्यार भरी नजर, सौ बार चिल्लाने से ज्यादा असर करती है।
- नियम एक बार बताओ–बार–बार बोलने की जरूरत नहीं। जो कहा है, वही नियम रहेगा।
- चॉइस दो, लेकिन रास्ता अपना रखो–बच्चे को चुनने दो, पर दोनों रास्ते वहीं जाएँ जहाँ आप चाहते हो।
- अच्छी बात करते ही शाबाशी दो बच्चे वही दोहराते हैं, जिसे ध्यान और मान्यता दी जाती है।
- जब बच्चा गुस्सा करे, शांत रहो–जो माता–पिता शांत रहते हैं, वही बच्चे का गुस्सा शांत करना सिखाते हैं।

# सफलता के प्रेरक उदाहरण

- सफलता अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं है : मायने रखता है तो बस आगे बढ़ने का साहस। **—विंस्टन चर्चिल**
- नकल में सफल होने से बेहतर है मौलिकता में असफल होना। **— हर्मन मेलविल**
- सफलता और असफलता का रास्ता लगभग एक जैसा ही होता है। **— कॉलिन आर. डेविस**
- सफलता अक्सर उन्हीं को मिलती है जो उसे खोजने में इतने व्यस्त होते हैं कि उन्हें इसकी तलाश करने का समय ही नहीं मिलता। **— हेनरी डेविड थोरो**
- असफलताओं से सफलता प्राप्त करें। निराशा और असफलता, सफलता की ओर बढ़ने के दो सबसे अचूक कदम हैं। **— डेल कार्नेगी**
- दुनिया में कोई भी चीज दृढ़ता का स्थान नहीं ले सकती। प्रतिभा नहीं, प्रतिभाहीन लोगों की भरमार है। विलक्षण प्रतिभा भी नहीं, प्रतिभा का कोई पुरस्कार न मिलना तो लगभग एक कहावत बन चुकी है। शिक्षा भी नहीं, 'आगे बढ़ते रहो' का नारा मानव जाति की समस्याओं का समाधान करता आया है और हमेशा करता रहेगा। **— कैल्विन कूलिज**
- अंतिम सफलता के तीन मार्ग हैं : पहला मार्ग दयालु होना है। दूसरा मार्ग दयालु होना है। तीसरा मार्ग दयालु होना है। **— मिस्टर रोजर्स**
- सफलता मन की शांति है जो इस बात की आत्मसंतुष्टि का प्रत्यक्ष परिणाम है कि आपने अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रयास किया। **— जॉन वुडन**
- मैंने सफलता के सपने कभी नहीं देखे। मैंने इसके लिए मेहनत की। **— एस्टी लॉडर**
- सफलता वह है जो आप चाहते हैं; खुशी वह है जो आपको मिलता है। **— डब्लू.पी. किंसेला**
- सफलता का अर्थ है उत्साह खोए बिना लगातार असफलताओं से जूझते रहना। **— विंस्टन चर्चिल**

# शिक्षा और कौशल से दूर होगी बेरोजगारी

**यूनिक समय, मथुरा।** बेरोजगारी आज के समय में युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, हुनर और कौशल का विकास ही इस समस्या का वास्तविक समाधान है। केंद्र और प्रदेश सरकारों ने भी इस बात पर जोर दिया है कि युवाओं को किसी उद्योग, हस्तशिल्प या तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण लेना चाहिए ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें और बेरोजगार न रहें।

विख्यात शिक्षाविद पवन गुप्ता ने अपने कुछ अनुभव साझा किए हैं। उनके अनुसार, शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मसूरी में "सिद्ध" नामक संस्था की स्थापना की, जिसमें शिक्षा के माध्यम से समाज और व्यक्ति दोनों को बदलने का प्रयास किया गया। श्री गुप्ता ने देखा कि पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा अक्सर अपने पैतृक धंधों और घर-परिवार के कार्यों से विमुख हो जाते हैं। उन्होंने



इसे रोकने के लिए गांधी वांग्मय का अध्ययन किया और नयी तालीम की शिक्षा पद्धति अपनाई, जो हुनर और श्रम आधारित थी। इस शिक्षा प्रणाली में छात्र न केवल ज्ञान अर्जित करते हैं, बल्कि उसे जीवन में उपयोग करना और समाज में योगदान देना भी सीखते हैं। पवन गुप्ता ने यह भी देखा कि बच्चों की परवरिश में स्कूल की नीतियों का बड़ा प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, यूनिफॉर्म पहनना और पाठ्यक्रम की भाषा घर की भाषा से अलग होना बच्चों को घर और परंपरा से दूर कर देता है। उन्होंने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से छात्रों को यह समझाया कि आधुनिक शिक्षा और परंपरागत ज्ञान के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। उनका मानना है कि केवल कैरियर की मानसिकता वाली शिक्षा युवाओं को बेरोजगार बनाती है, जबकि उद्देश्यपूर्ण और हुनर आधारित शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है।

## सुविचार



छोटी–छोटी अच्छी आदतें ही जीवन को बड़ा और सफल बनाती हैं।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | षष्ठी | 01:46-12:40 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा | 02:32-02:15 तक | माह | माघ |
| सूर्योदय | | 7:13 AM | चन्द्रोदय | 10:21 AM |
| सूर्यास्त | | 5:47 PM | चंद्रास्त | 11:16 PM |
| सूर्य राशि | | मकर राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | 12:09PM -12:51 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:34-06:22 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 09:52AM-11:11AM | | वार | रविवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# नर्मदा परिक्रमा : आस्था, तपस्या और आत्मिक परिवर्तन की दिव्य यात्रा

**यूनिक समय, मथुरा।** नर्मदा परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह जीवन को भीतर से बदल देने वाला आध्यात्मिक अनुभव है। भारत की सात पवित्र नदियों में शामिल माँ नर्मदा को जीवित देवी माना जाता है। उनकी परिक्रमा को नर्मदा प्रदक्षिणा भी कहा जाता है, जिसमें श्रद्धालु नदी को सदैव अपनी दाईं ओर रखते हुए यात्रा पूरी करते हैं। शास्त्रों और पुराणों में इस कठिन लेकिन पुण्यदायी यात्रा को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया गया है।

हिंदू धर्म में परिक्रमा का अत्यंत विशेष महत्व है। परिक्रमा का अर्थ है किसी पवित्र स्थान, देवता या नदी के चारों ओर श्रद्धा भाव से दक्षिणावर्त (दाईं ओर) घूमना। इसे प्रदक्षिणा कहा जाता है, जो षोडशोपचार पूजा का एक महत्वपूर्ण अंग है। नर्मदा परिक्रमा को सभी तीर्थ यात्राओं में श्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि गंगा के दर्शन से पापों का नाश होता है, लेकिन नर्मदा के दर्शन मात्र से ही पाप नष्ट हो जाते हैं। पुराणों के अनुसार, नर्मदा परिक्रमा करने से व्यक्ति के संचित पाप समाप्त होते हैं और अंततः



उसे मोक्ष या सद्गति की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि संत, साधु और गृहस्थ सभी इस कठिन यात्रा को जीवन में एक बार अवश्य करने की कामना रखते हैं।

नर्मदा नदी की परिक्रमा लगभग 3,312 किलोमीटर लंबी होती है। यह यात्रा मध्य प्रदेश के अमरकंटक से प्रारंभ होकर गुजरात में समुद्र संगम तक जाती है और फिर नदी के दूसरे तट से वापस अमरकंटक पर समाप्त होती है। यद्यपि परिक्रमा की पारंपरिक शुरुआत अमरकंटक से मानी जाती है, लेकिन आजकल अधिकांश श्रद्धालु ओंकारेश्वर से परिक्रमा आरंभ करते हैं। यात्रा के दौरान जंगल, पहाड़, गांव, घाट और आश्रम भक्तों को प्रकृति और आत्मचिंतन से जोड़ते हैं।

नर्मदा परिक्रमा में कितना समय लगता है? **पैदल यात्रा सामान्यत :** तीन से चार महीने में पूरी हो जाती है। यदि कोई श्रद्धालु शास्त्रीय नियमों का पूर्ण पालन करता है, जैसे कि चातुर्मास में विश्राम, तो यह यात्रा तीन वर्ष तीन महीने तक भी चल सकती है। **वाहन द्वारा परिक्रमा-** कार या बस से यात्रा करने पर परिक्रिमा लगभग 12 से 15 दिनों में पूरी हो सकती है। **साइकिल या बाइक द्वारा-** साइकिल या मोटरसाइकिल से यह यात्रा 25 से 40 दिनों में पूरी की जाती है। नर्मदा परिक्रमा केवल यात्रा नहीं, बल्कि तपस्या है, इसलिए इसके कुछ कठोर नियम भी हैं :

**चातुर्मास निषेध :** आषाढ़ एकादशी से कार्तिक एकादशी तक परिक्रमा वर्जित मानी जाती है। **सात्विक जीवन :** यात्रा के दौरान सात्विक भोजन, ब्रह्मचर्य, संयम और सादगी का पालन आवश्यक है।

**नदी पार नहीं करना :** परिक्रमा में नदी को तैरकर या नाव से पार करना निषिद्ध है। **दक्षिणावर्त यात्रा :** नदी सदैव दाईं ओर रहनी चाहिए। वहीं नर्मदा परिक्रमा के दौरान कई पवित्र स्थान आते हैं, जिनका धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष है : अमरकंटक - नर्मदा का उद्गम स्थल, जबलपुर (भेड़ाघाट), संगमरमर की चट्टानें और धुआंधार जलप्रपात, ओंकारेश्वर-द्वादश ज्योतिर्लिंग, महेश्वर-अहिल्याबाई होल्कर की नगरी, विमलेश्वर (समुद्र संगम, गुजरात), परिक्रमा के अंत में समुद्र का जल ओंकारेश्वर शिवलिंग पर अर्पित कर यात्रा पूर्ण की जाती है।

## नए साल का व्रत–त्योहार कैलेंडर

- 29 जनवरी, दिन बृहस्पतिवार: जया एकादशी
- 30 जनवरी, दिन शुक्रवार: शुक्र प्रदोष व्रत
- 1 फरवरी, दिन रविवार: माघ पूर्णिमा
- 5 फरवरी, दिन बृहस्पतिवार: द्विजप्रिय संकष्टी
- 13 फरवरी, दिन शुक्रवार: विजया एकादशी
- 14 फरवरी, दिन शनिवार: शनि प्रदोष व्रत
- 15 फरवरी, दिन रविवार: महाशिवरात्रि या फाल्गुन मासिक शिवरात्रि
- 17 फरवरी, दिन मंगलवार: दर्श अमावस्या, फाल्गुन अमावस्या, पहली भौमवती अमावस्या
- 21 फरवरी, दिन शनिवार: ढुण्ढिराज चतुर्थी
- 27 फरवरी, दिन शुक्रवार: आमलकी एकादशी

## कल का राशिफल

- **मेष :** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें।
- **वृषभ :** फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं।
- **मिथुन :** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा।
- **कर्क :** घर–बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं।
- **सिंह :** धर्म–कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा।
- **कन्या :** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी।
- **तुला :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर–परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा।
- **धनु :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।
- **मकर :** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा।
- **वृश्चिक :** चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा।
- **कुंभ :** प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा।
- **मीन :** पुराने संगी–साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

# महाभारत: युद्ध, धर्म और मानव जीवन का शाश्वत मार्गदर्शक

**यूनिक समय, मथुरा।** महाभारत केवल एक ऐतिहासिक युद्ध कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन, नीति, धर्म और संघर्ष का शाश्वत ग्रंथ है। वर्तमान समय में जब युद्ध, आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय चर्चा में हैं, तब महाभारत की शिक्षाएँ और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। यह ग्रंथ बताता है कि युद्ध कब आवश्यक होता है, कैसे लड़ा जाना चाहिए और उससे क्या सीख लेनी चाहिए।

महाभारत युद्ध में पांडवों की जीत का सबसे बड़ा कारण भगवान श्रीकृष्ण की रणनीति थी। कौरव सेना संख्या और शक्ति में कहीं अधिक थी, लेकिन सही योजना और



उद्देश्य के कारण पांडव विजयी हुए। जीवन हो या युद्ध, बिना रणनीति के जीत संभव नहीं। अभिमन्यु का उदाहरण बताता है कि अधूरा ज्ञान विनाश का कारण बन सकता है। उसे चक्रव्यूह में प्रवेश करना आता था, लेकिन निकलना नहीं। संकट के समय पूर्ण ज्ञान और तैयारी ही रक्षा करती है। महाभारत में कई ऐसे पात्र हैं जो मित्र बनकर शत्रु का कार्य करते रहे। कुछ लोग समय आने पर पाला बदल लेते हैं। इसलिए किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए। सही समय पर सही व्यक्ति की पहचान ही विजय दिलाती है। कौरवों के पास विशाल सेना थी, लेकिन सत्य पांडवों के साथ था। भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों का साथ चुना, क्योंकि वे धर्म के मार्ग पर थे। महाभारत सिखाती है कि अंततः विजय सत्य की ही होती है, भले ही मार्ग कठिन हो।

# भगवान विष्णु का वराह अवतार : धरती की रक्षा और दैत्य हिरण्याक्ष का वध

**यूनिक समय, मथुरा।** सनातन धर्म में भगवान विष्णु को सृष्टि का पालनकर्ता कहा गया है। जब–जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म संकट में पड़ता है, तब–तब श्रीहरि किसी न किसी अवतार में प्रकट होकर सृष्टि की रक्षा करते हैं। भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में वराह अवतार को तीसरा अवतार माना जाता है। यह अवतार सतयुग में हुआ था, जिसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी को दैत्य आतंक से मुक्त कर धर्म की पुनः स्थापना करना था।

'वराह' का अर्थ होता है शूकर (सूअर)। इस अवतार में भगवान विष्णु का शरीर मानव के समान था, जबकि मुख शूकर का था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु का यह अवतार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था। इसी कारण इस दिन को वराह जयंती के रूप में मनाया जाता है। वराह अवतार की कथा की शुरुआत होती है महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी दिति से। एक दिन संध्या काल में, जब कश्यप मुनि भगवान की पूजा में लीन थे, तब दिति कामवासना से प्रेरित होकर उनके पास पहुंचीं। मुनि कश्यप ने उन्हें समझाया कि यह समय अनुचित है और इस समय उत्पन्न संतान असुरी प्रवृत्ति की होगी। लेकिन दिति अपनी इच्छा पर अडिग रहीं। अंततः इसे भगवान की इच्छा मानकर कश्यप मुनि ने उनकी बात स्वीकार कर ली। बाद में कश्यप मुनि ने भविष्यवाणी की कि दिति के गर्भ से दो भयंकर असुर उत्पन्न होंगे, जिनका अंत स्वयं भगवान विष्णु करेंगे।

दिति ने प्रार्थना की कि उनके पुत्रों का वध



ब्राह्मण शाप से नहीं, बल्कि भगवान के हाथों हो। कश्यप मुनि ने यह भी वरदान दिया कि इसी वंश में एक महान भक्त जन्म लेगा, जो कुल का उद्धार करेगा।

### भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में वराह अवतार को तीसरा अवतार माना जाता है

कुछ समय पश्चात दिति ने हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यप को जन्म दिया। बचपन से ही दोनों असुर अत्यंत क्रूर, अहंकारी और अधर्मी थे। वे ऋषि–मुनियों के यज्ञों को नष्ट करते, देवताओं को सताते और पृथ्वी पर आतंक फैलाने लगे। धीरे–धीरे उनका अत्याचार इतना बढ़ गया कि देवता, मनुष्य और अन्य जीव भयभीत हो उठे। पौराणिक कथाओं के अनुसार एक समय हिरण्याक्ष ने अपनी शक्ति के अहंकार में आकर पृथ्वी को उठाकर समुद्र के गर्भ में छिपा दिया। पृथ्वी के जलमग्न होते ही सृष्टि में हाहाकार मच गया। जीवन संकट में पड़ गया और जीव–जंतुओं का विनाश होने लगा। देवताओं ने ब्रह्मा जी की शरण ली। सृष्टि की इस दुर्दशा को देखकर भगवान विष्णु ने अवतार लेने का निश्चय किया।

मान्यता है कि ब्रह्मा जी की नासिका से अंगूठे के आकार का एक वराह प्रकट हुआ, जिसने क्षण भर में पर्वत के समान विशाल रूप धारण कर लिया। इस दिव्य रूप को देखकर देवता और ऋषि–मुनि स्तुति करने लगे। भगवान वराह ने अपने शक्तिशाली थूथन से समुद्र का भेदन किया और पृथ्वी को खोज निकाला। उन्होंने पृथ्वी को अपने दांतों पर उठाकर जल से बाहर निकाला। जब भगवान वराह पृथ्वी को बाहर ला रहे थे, तभी हिरण्याक्ष ने उन्हें युद्ध के लिए ललकारा। दोनों के बीच भयानक युद्ध हुआ। यह युद्ध लंबे समय तक चला और अंततः भगवान वराह ने अपने पराक्रम से हिरण्याक्ष का वध कर दिया। इसके बाद भगवान ने अपने खुरों से जल को स्थिर किया और पृथ्वी को पुनः उसके स्थान पर स्थापित कर दिया। इस प्रकार सृष्टि की रक्षा हुई और धर्म की पुनर्स्थापना हुई। हिरण्याक्ष के वध के बाद हिरण्यकश्यप का आतंक और बढ़ गया। उसी के कुल में भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ, जो भगवान विष्णु के परम भक्त बने। अंततः हिरण्यकश्यप के पापों से भक्तों की रक्षा करने के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया।

यूनिक समय
मथुरा, शनिवार, 24 जनवरी 2026



# अंडर–19 वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड से भारत का आखिरी ग्रुप मुकाबला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम आज शनिवार को अंडर–19 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में अपना आखिरी मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में चल रहे इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। ग्रुप–बी में शामिल भारत ने अपने पहले दो मुकाबले जीतकर पहले ही सुपर सिक्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अब भारत की नजर इस मैच को जीतकर ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान हासिल करने पर होगी।

यह मुकाबला बुलवायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाना है, लेकिन मैच से पहले मौसम ने परेशानी खड़ी कर दी है। बुलवायो में हुई भारी बारिश के कारण मैदान के कई हिस्सों में पानी भर गया है।




ग्राउंड स्टाफ मैदान को खेलने लायक बनाने में जुटा हुआ है, जबकि अंपायर लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। अंपायरों ने दोनों टीमों के कप्तानों से बातचीत की और स्थानीय समयानुसार सुबह 9:45 बजे एक और निरीक्षण किया जाना तय किया गया है।

### बारिश बनी बाधा, गीले मैदान से मैच पर संकट

गीले मैदान के कारण टॉस में भी देरी हुई है। भारतीय समयानुसार टॉस दोपहर 12:30 बजे होना था, लेकिन खराब आउटफील्ड के चलते इसे टाल दिया गया। ऐसे में ओवरों में कटौती या देरी से मैच शुरू होने की संभावना बनी हुई है। न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मुकाबला अहम है, क्योंकि उनके अब तक के दो मैच बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं। वहीं भारत जीत की लय बनाए रखते हुए आत्मविश्वास के साथ सुपर सिक्स में प्रवेश करना चाहेगा। मौसम भले ही चुनौती बन रहा हो, लेकिन भारतीय टीम पूरी तरह मुकाबले के लिए तैयार नजर आ रही है।

# 'बॉर्डर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल, 'धुरंधर' को छोड़ा पीछे



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' ने सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। फिल्म ने पहले दिन 30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जो रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर' के पहले दिन के रिकॉर्ड 28 करोड़ रुपये से अधिक है। फिल्म की इस जबरदस्त ओपनिंग का मुख्य कारण इसका पहले पार्ट का आइकॉनिक होना और एडवांस बुकिंग में मिली भारी प्रतिक्रिया है।

'बॉर्डर 2' दुनिया भर में 4500 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। गणतंत्र दिवस के नजदीक आने वाले लंबे वीकेंड ने भी फिल्म के लिए उम्मीदें बढ़ा दी हैं। फिल्म के ओपनिंग डे पर सनी देओल ने कई बड़े स्टार्स को पीछे छोड़ दिया, जिनमें शाहरुख खान की 'डंकी' (29.2 करोड़), आमिर खान की 'दंगल' (29.19 करोड़), सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' और 'वॉर 2' जैसी फिल्में शामिल हैं।

बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट्स के अनुसार, हिंदी वर्जन सबसे आगे है और आने वाले दिनों में वर्ड ऑफ माउथ फिल्म की कमाई पर बड़ा असर डाल सकता है। आदित्य धर की पिछली फिल्म की तरह यदि दर्शकों की प्रतिक्रियाएं सकारात्मक रहीं, तो 'बॉर्डर 2' लंबे समय तक बॉक्स ऑफिस पर दबदबा बनाए रख सकती है। सनी देओल की वापसी और स्टार कास्ट की ताकत के कारण यह फिल्म अभी से ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है।

# सूर्यकुमार यादव की पुरानी चमक 468 दिनों के बाद लौटी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय टी 20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 468 दिनों के लंबे इंतजार के बाद अपनी पुरानी चमक वापस पा ली है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों पर 82 रनों की तूफानी पारी खेलकर न सिर्फ भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि 'मिस्टर 360 डिग्री' अभी भी बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं।

यह पारी ऐसे समय आई जब भारत 1.1 ओवर में 6/2 के स्कोर पर जूझ रहा था। ईशान किशन के साथ मिलकर सूर्यकुमार ने सिर्फ 48 गेंदों में 122 रनों की अहम साझेदारी की। किशन ने आक्रामक अंदाज में 32 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि सूर्यकुमार ने संयम से शुरुआत करते हुए पहले 11 गेंदों पर 11 रन बनाए और फिर गियर बदलते हुए महज 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया। उनकी पारी में नौ चौके और चार छक्के शामिल थे।

इस शानदार वापसी के पीछे का राज पूर्व



महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने बताया। गावस्कर के अनुसार, सूर्यकुमार ने अपनी तकनीक और मानसिकता में अहम बदलाव किया है। उन्होंने शुरुआती ओवरों में जोखिम भरे शॉट खेलने के बजाय सीधे बल्ले से खेलने पर फोकस

### कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 37 गेंदों पर खेली 82 रनों की तूफानी पारी

किया। ऑफ ड्राइव और ऑन ड्राइव जैसे शॉट्स ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। गावस्कर ने यह भी कहा कि कप्तान के रूप में सूर्यकुमार ने परिपक्वता दिखाई। जब ईशान किशन अच्छी लय में थे, तो सूर्यकुमार ने उन्हें स्ट्राइक दी और सही समय पर खुद आक्रमण संभाला। यह मानसिक संतुलन ही उनकी वापसी की सबसे बड़ी वजह बना। टी 20 विश्व कप 2026 से पहले कप्तान का फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए बड़ी राहत है। अनुभव, आत्मविश्वास और किसी भी हालात में मैच पलटने की क्षमता–सूर्यकुमार यादव की यह पारी बताती है कि भारत के पास अब भी एक ऐसा खिलाड़ी है जिससे विपक्ष सबसे ज्यादा डरता है।

# 'आहट' से पहले का खौफ दूरदर्शन का शो 'किले का रहस्य'

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 1989 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ हॉरर शो 'किले का रहस्य' भारतीय टीवी दर्शकों के लिए खौफ का एक नया अनुभव लेकर आया। यह शो 'आहट' से पहले आया और हर एपिसोड में छुपा रहस्य और डर लोगों के दिलों–दिमाग में बस गया। रात के करीब 11 बजे प्रसारित होने वाला यह सीरियल अपने डरावने माहौल और रहस्यमयी कहानी के लिए मशहूर था।

शो की कहानी एक रहस्यमयी किले के इर्द–गिर्द घूमती थी, जिसे भूतहा माना जाता था। किले में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की पीठ पर अजीब निशान बनते और उसकी मृत्यु हो जाती। हर एपिसोड दर्शकों को अंत तक बांधे रखता और अंत में पता चलता कि यह भूत–प्रेत का काम है या किसी इंसान की साजिश।

# क्वार्टर फाइनल में पीवी सिंधु को दिखाया गया रेड कार्ड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लिए क्वार्टर फाइनल का दिन निराशाजनक रहा। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन, दोनों ही अपने–अपने मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हालांकि, पीवी सिंधु के मैच के दौरान हुआ रेड कार्ड ड्रामा पूरे खेल जगत में चर्चा का केंद्र बन गया।

पीवी सिंधु को क्वार्टर फाइनल में दुनिया की टॉप सीड चीनी खिलाड़ी चेन यू फेई के खिलाफ सीधे गेम में 13–21, 17–21 से हार का सामना करना पड़ा। जकार्ता में खेले गए इस मुकाबले के दूसरे गेम के दौरान सिंधु का गुस्सा देखने को मिला। लगातार दो रिव्यू गंवाने और एक क्लोज लाइन कॉल उनके खिलाफ जाने के बाद सिंधु ने लाइन जज से बहस की, जिसके चलते



पहले उन्हें येलो कार्ड और फिर रेड कार्ड दिखाया गया। हालांकि, मैच रेफरी के हस्तक्षेप के बाद रेड कार्ड का फैसला वापस ले लिया गया। रेड कार्ड हटने के बाद सिंधु ने जबरदस्त वापसी करते हुए स्कोर 17–18 तक पहुंचाया, लेकिन अंत में वह मैच पलटने में सफल नहीं हो सकीं। चेन यू फेई ने अपनी आक्रामक स्मैश और बेहतर कोर्ट कवरेज से मुकाबला अपने नाम किया। वहीं, लक्ष्य सेन को थाईलैंड के 21 वर्षीय खिलाड़ी पानितचपोन टीरारत्सकुल से कड़े मुकाबले में 18–20, 20–22 से हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 500 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

# एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप लगातार चौथी बार फाइनल में

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की घरेलू टी 20 लीग एसए-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने इतिहास रच दिया है। टीम ने क्वालिफायर–2 में पार्ल रॉयल्स को 7 विकेट से हराकर लगातार चौथे सीजन में टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले क्वालीफायर–1 में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था, जबकि अब सनराइजर्स ने दूसरी फाइनलिस्ट टीम के रूप में एंट्री मारी है।

23 जनवरी को खेले गए दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में पार्ल रॉयल्स की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए पार्ल की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर सिर्फ 114 रन ही बना सकी। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें सेनुरन मुथुसामी ने अहम भूमिका निभाते हुए 3 विकेट झटके। जवाब में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

# कीर्ति बनीं आध्यात्मिक वक्ता? प्रवचन देते मोहिना सिंह का वीडियो वायरल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में कीर्ति के किरदार से पहचान बनाने वालीं पूर्व एक्ट्रेस मोहिना सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार किसी शो या अभिनय को लेकर नहीं, बल्कि एक वायरल वीडियो की वजह से। सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो में मोहिना आध्यात्मिक प्रवचन देती नजर आ रही हैं, जिसे देखकर यूजर्स सवाल कर रहे हैं कि क्या उन्होंने अब पूरी तरह आध्यात्म की राह चुन ली है।

मोहिना सिंह ने साल 2019 में आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के बेटे सुयश रावत से शादी के बाद टीवी और ग्लैमर वर्ल्ड से दूरी बना ली थी। शादी के बाद उन्होंने परिवार और निजी जीवन को प्राथमिकता दी और एक्टिंग से पूरी तरह ब्रेक ले लिया। हाल ही में वायरल हुए वीडियो में मोहिना साधारण जीवन, नैतिक मूल्यों और ईमानदारी से कमाई करने की सीख देती दिख रही हैं। वीडियो में मोहिना बुरी कमाई और धोखे से सफलता पाने के खिलाफ बोलती नजर आती हैं। वह कहती हैं कि दूसरों को कुचलकर आगे बढ़ना सही नहीं है और बेईमानी की कमाई से बच्चों का भविष्य संवारना भी गलत है। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। जहां कुछ यूजर्स ने उनके विचारों की सराहना की, वहीं कई लोगों ने तंज कसते हुए पूछा कि क्या वह अब आध्यात्मिक गुरु बन गई हैं। कुल मिलाकर, मोहिना सिंह का यह बदला हुआ अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है और वह एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

# राष्ट्रपति, पीएम और सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस 24 जनवरी को पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई दी और उत्तर प्रदेश को विकास का प्रमुख इंजन बताया।



उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था। इससे पहले इसकी नींव 1902 में यूनाइटेड प्रॉविंस ऑफ आगरा एंड अवध के रूप में पड़ी थी। 1950 में इसका नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य के रूप में अलग हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार रही है। उन्होंने प्रदेश के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने डबल इंजन सरकार और विकास को समर्पित जनता की भागीदारी से बीमारू से बेमिसाल प्रदेश बनने का सफर तय किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि देश की प्रगति को गतिशील बनाने में उत्तर प्रदेश का सामर्थ्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने भी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी संस्कृति, गंगा-यमुना की पावन भूमि और उर्वरता के कारण राष्ट्र के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में प्रदेश विकास और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को भारत का विकास का ग्रोथ इंजन बताया और राज्यवासियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर इस तरह सभी नेताओं ने प्रदेश के विकास, संस्कृति और योगदान को सम्मानित किया।

## पीएम ने कहा, डबल इंजन की सरकार ने बीमारू से बेमिसाल प्रदेश बनाया

हिंदू छात्रा को जबरन बुर्का पहनाने का मामला

# पांच मुस्लिम लड़कियों पर एफआईआर



**यूनिक समय, मुरादाबाद।** जिले के बिलारी कस्बे में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां पांच मुस्लिम छात्राओं ने कथित तौर पर एक हिंदू छात्रा को जबरन बुर्का पहनाने की कोशिश की। पीड़ित छात्रा का परिवार आरोप लगा रहा है कि यह धर्मांतरण और लव जिहाद की साजिश थी।

घटना 14 जनवरी को उस समय हुई, जब छात्रा कोचिंग से लौट रही थी। मुस्लिम छात्राओं ने उसे घेरकर कहा कि बुर्का पहनना बेहतर रहेगा। शुरू में छात्रा ने विरोध किया, लेकिन दबाव में आकर उसने इसे पहन लिया। इस दौरान घटना का वीडियो भी बना, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घर लौटने के बाद छात्रा ने रोते हुए अपने भाई को पूरी घटना बताई। भाई का कहना है कि लड़कियों ने उसे कहा था कि हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम कबूल कर लो, तभी किस्मत बदल जाएगी। परिवार ने इसे सोची–समझी साजिश बताया और तुरंत पुलिस में तहरीर दी।

बिलारी थाने ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांचों मुस्लिम छात्राओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इस मामले में उत्तर प्रदेश एंटी–कन्वर्जन कानून की धारा तीन समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज, पीड़िता के बयान और अन्य सबूतों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जा रही है। इस घटना ने सोशल मीडिया पर भी हलचल मचा दी है। लोग इसे धार्मिक दबाव और ग्रूमिंग का मामला बता रहे हैं। अभी तक आरोपी छात्राओं की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस की भव्य तैयारी रिहर्सल में दिखा मिनी इंडिया



**यूनिक समय, कानपुर।** पुलिस कमिश्नरेट ने 26 जनवरी के भव्य आयोजन की तैयारी के लिए पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में ग्रैंड रिहर्सल किया। इस बार परेड में आईटीबीपी, पीएसी, एनसीसी के जवानों के साथ–साथ दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा भी दिखाई जाएगी। आईपीएस शिवा सिंह ने शहरवासियों से इस देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

रिहर्सल के दौरान परेड ग्राउंड देशभक्ति के गीतों और तरानों से गूंज उठा। आयोजन में विविधता को विशेष महत्व दिया गया है। भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के जांबाज जवान, पीएसी और पुलिस कर्मियों की टुकड़ियां, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट–गाइड, होमगार्ड्स और विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस बार परेड में दिव्यांग बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे परेड ग्राउंड और अधिक जीवंत और प्रेरणादायक बन गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन बच्चों और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए आयोजित किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने रिहर्सल में सुरक्षा, अनुशासन और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया। गणतंत्र दिवस पर यह परेड कानपुरवासियों के लिए देशभक्ति और साहस का अद्भुत प्रदर्शन साबित होगी।

अस्पताल में मरीज बनकर आए चोर

# उठाकर ले गये 28 लाख की डायलिसिस मशीन

**यूनिक समय, मऊ।** जिले के हकीकतपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में चौंकाने वाला मामला सामने आया। दो-तीन युवक डायलिसिस मरीज का बहाना बनाकर सेंटर पहुंचे और अस्पताल के ऑपरेटर बृजराज चौहान को मारपीट के बाद कुर्सी से बांध दिया। उसके मुंह पर टेप चिपका दी गई ताकि वह शोर न मचाए।

इसके बाद आरोपी चार डायलिसिस मशीन को पिकअप में लोड करके फरार हो गए। बताया गया कि चारों मशीन की कुल कीमत करीब 28 लाख रुपये है, जिनमें से एक मशीन की कीमत लगभग सात लाख रुपये बताई जा रही है। आपरेटर बृजराज ने बाद में खुद को मुक्त किया और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड भी मिल गया। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए दक्षिणटोला थाना में पांच से अधिक लोगों के खिलाफ तहरीर दर्ज की है। थाना प्रभारी बसंतलाल ने कहा कि जांच जारी है और मशीन की संख्या व चोरी की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा रहा है। इस घटना ने स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। आरोपी अभी फरार हैं और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए जांच और छानबीन में जुटी हुई है।

# युवक की ट्रॉली से कुचलकर मौत

**यूनिक समय, बरेली।** बहेड़ी क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। पनबड़िया निवासी शंकर लाल अपने साथी थान सिंह के साथ ट्रैक्टर से हरहरपुर बजरी ले जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर सुकटिया के खलुआ पुल के पास पहुंचा, ट्रैक्टर का पहिया सड़क किनारे गड्ढे में फंस गया। झटके के कारण शंकर लाल ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और ट्रॉली के पहिये के नीचे आकर कुचल गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और लोगों का कलेजा कांप उठा। सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई सुरेश गंगवार ने हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की संभावना जताई गई है।

जालौन में छात्रा किडनैपिंग मामले पर हंगामा

# हिंदू संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**यूनिक समय, लखनऊ।** जालौन जिले के कोंच इलाके में एक ग्रेजुएशन छात्रा के अपहरण के आरोप ने विवाद खड़ा कर दिया है। परिवार का आरोप है कि छात्रा को लव जिहाद का शिकार बनाया गया। आरोपी सपा नेता रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर और उसका साथी उस्मान कुरैशी हैं। छात्रा 19 जनवरी से लापता है।

हिंदू संगठनों का गुस्सा तब और बढ़ा जब आरोपी पूछताछ के बाद रिहा कर दिए गए। संगठनों ने पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और चेतावनी दी है कि यदि छात्रा सुरक्षित नहीं मिली, तो बड़े आंदोलन होंगे। परिवार का कहना है कि छात्रा पर दबाव डालकर उसके बयान और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले गए, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। ब्राह्मण महासभा और अन्य हिंदू संगठनों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और 24 घंटे के भीतर छात्रा की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है। कोंच रउद्द और उड ने मामले की गंभीर जांच शुरू होने की पुष्टि की है।


# जम्मू–कश्मीर में जवान मोनू का बलिदान



**यूनिक समय, अलीगढ़।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में 9,000 फीट ऊंचे खन्नीटॉप पर मौसम खराब होने के कारण सेना का वाहन 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में 10 जवानों की शहादत हो गई, जिसमें अलीगढ़ के जवां क्षेत्र के गांव दाऊपुर का मोनू (24) भी शामिल है। हादसे में 11 जवान घायल हुए, जिनमें से 10 को एयरलिफ्ट कर ऊधमपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मोनू की शहादत की खबर से उसके परिवार में मातम छा गया। माता–पिता और पत्नी बार–बार बेहोश हो रहे हैं। मोनू का पार्थिव शरीर 24 जनवरी को गांव लाए जाने की संभावना है। मोनू की डेढ़ साल की बेटी देविका भी इस हादसे से प्रभावित है। मोनू और उसके छोटे भाई प्रशांत 2019 में सेना की चार राष्ट्रीय राइफल्स में शामिल हुए थे। मोनू अपनी पत्नी पूजा और बेटी के साथ छुट्टियों में ही मिला था।

# शीतलहर का प्रकोप, बारिश और तेज हवा से बढ़ी ठंड



**यूनिक समय, मेरठ।** मौसम ने करवट बदल दी है और तेज ठंडी हवा के कारण शीतलहर का असर बढ़ गया है। लोगों को दिनभर कंपकंपी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिनों तक इसी तरह सर्द मौसम बने रहने की चेतावनी दी है।

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। बारिश और तेज हवा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम के समय ठंड अधिक महसूस हो रही है, जबकि गुनगुनी धूप से कोई खास राहत नहीं मिली। बारिश और हवा के चलते वायु प्रदूषण में कमी आई है और हवा अपेक्षाकृत साफ हुई है।

हालांकि, बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को ठंड से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है कृषि क्षेत्र के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरएस सेंगर के अनुसार, बारिश से गेहूं, सरसों, आलू और सब्जियों को संजीवनी मिलेगी। लेकिन तेज हवा के कारण कई जगह सरसों और गेहूं की फसल गिर गई और ईख की बुवाई एवं छिलाई प्रभावित हो सकती है।

## सार संक्षेप

### मुंबई मेयर को लेकर उद्धव सेना में फूट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई में मेयर पद को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना में विवाद गहराया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता भास्कर जाधव चाहते हैं कि एकनाथ शिंदे उद्धव का समर्थन करें, जिससे शिवसैनिक मेयर बन सके। वहीं, संजय राउत गुट इसका विरोध कर रहा है और शिंदे से दूरी बनाने पर जोर दे रहा है। इस बीच उद्धव ठाकरे चुप्पी साधे हैं और मेयर चुनाव में शिंदे को सत्ता से दूर रखने के लिए प्लान–बी पर विचार कर रहे हैं।

### उज्जैन में हिंसा के बाद पुलिस का सख्त एक्शन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उज्जैन के तराना इलाके में हिंसा के बाद पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। बजरंग दल नेता सोहेल ठाकुर पर हमला और उसके बाद हुए उपद्रव में अब तक 18 दंगाई गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने इलाके में फ्लैग मार्च किया और ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी है। दंगाइयों ने मंदिरों, घरों और बसों को निशाना बनाया, पत्थरबाजी और आगजनी की। फुटेज से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

### जेल में प्यार, पैरोल पर शादी रचाएंगे हत्या के दोषी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जयपुर की खुली जेल में हत्या के मामलों में उम्रकैद काट रहे दो कैदियों को आपस में प्यार हो गया। युवती प्रिया सेठ और युवक हनुमान प्रसाद ने शादी करने का फैसला किया है। राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश पर दोनों को 15 दिन की पैरोल मिली है। वकील ने बताया कि कोर्ट ने पैरोल कमेटी को निर्देश दिया था और आदेश के अनुसार दोनों बुधवार को जेल से बाहर आए।

### बारिश के बाद कैसा रहेगा मौसम का अलर्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली–एनसीआर में मौसम ने अचानक करवट ली है। राजधानी, नोएडा और आसपास के इलाकों में बारिश दर्ज की गई, वहीं कई जगह गरज के साथ तेज हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। बारिश से प्रदूषण स्तर में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

### एनसीपी का शरद पवार की पार्टी में विलय संभव : संजय राउत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा है कि अजित पवार की एनसीपी और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) का विलय जल्द होगा। राउत के अनुसार, अजित पवार दो नावों पर सवार नहीं रह सकते और महा विकास अघाड़ी में लौटेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों गुट हाल के स्थानीय चुनावों में 'घड़ी' चुनाव चिन्ह के तहत एक साथ उतरे थे, जो भविष्य के विलय का संकेत है।

### अखिलेश यादव ने गाय पूजा और प्रशासन पर उठाए सवाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाय की पूजा को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा, "हमसे ज्यादा गाय की कोई पूजा करता हो तो बताओ। हमारे यहां सुबह पहली रोटी गाय को जाती है। किसी बीजेपी वाले के यहां ऐसा होता है तो मुझे बताओ।"
इसके अलावा, उन्होंने नोएडा में इंजीनियर की मौत को लेकर भी सवाल उठाया और कहा कि सरकार की हिम्मत हो तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी को हटाए।
उन्होंने कहा कि नोएडा में सबसे बड़ी गड़बड़ी पुलिस की थी, जबकि मतदान सूची में हुई अनियमितताओं को लेकर उन्होंने चुनाव आयोग से सहयोग की मांग की। अखिलेश यादव ने बिल्डिंग को लेकर भी टिप्पणी की और सवाल उठाया कि क्या सरकार इसे तोड़ेगी। उनके अनुसार, वोटर लिस्ट में कई प्रकार की साजिश की जा रही है।

## पीएम मोदी ने 61 हजार नियुक्ति पत्र वितरित किए

# युवाओं को दिए नागरिक देवो भव : के मंत्र




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 18वें रोजगार मेले में 61,000 से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह समय न केवल आपके व्यक्तिगत जीवन में नई खुशियों का आरंभ है, बल्कि यह संविधान और देश के प्रति आपके दायित्वों से भी जोड़ता है। पीएम मोदी ने बताया कि यह अवसर गणतंत्र के पर्व के बीच आया है, जब देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस मना रहा है। पीएम मोदी ने युवाओं को बताया कि नियुक्ति पत्र केवल नौकरी का प्रमाण नहीं बल्कि "नेशन बिल्डिंग का इंविटेशन लेटर" है। उन्होंने कहा कि इस पत्र के साथ आप देश की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प भी लेते हैं। उन्होंने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और सरकार युवाओं के लिए नए रोजगार और अवसर पैदा करने में लगी है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत एक बड़ी मैन्युफैक्चरिंग पावर बन रहा है। इलेक्ट्रॉनिक और ऑटो इंडस्ट्री में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और देश की क्रिएटर इकॉनमी तेज गति से बढ़ रही है। इस अवसर पर 8,000 से अधिक बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए, जिससे महिला भागीदारी और स्वरोजगार में वृद्धि हुई है। पीएम मोदी ने युवाओं को 'नागरिक देवो भवः' का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के सेवक होने के नाते हमें अपने कार्यकाल में दूसरों के भले के लिए काम करना चाहिए और छोटे–छोटे सुधार करके समाज को बेहतर बनाना चाहिए। उन्होंने यह संदेश दिया कि नीति और नीयत दोनों का मेल देश की प्रगति और जनता के भले के लिए जरूरी है। इस कार्यक्रम ने युवाओं में देशभक्ति और जिम्मेदारी का संदेश फैलाया और उन्हें विकास एवं सेवा के लिए प्रेरित किया।

## इंडोनेशिया: भूस्खलन में आठ की मौत, 80 से अधिक लापता



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर शनिवार को भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 82 लोग लापता हैं। सबसे अधिक प्रभावित पश्चिम जावा प्रांत के पश्चिम बांडुंग जिले के पासिर लांगू और पासिर कुनिंग गांव रहे, जहां कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ी ढलान से नीचे लुढ़कते हुए लगभग 34 घरों को दबा दिया।
राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि बचावकर्मी कीचड़ और मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। इस भूस्खलन में 24 लोग सुरक्षित बचाए गए। पासिर कुनिंग गांव से आठ शव निकाले गए, जबकि स्थानीय निवासी और श्रमिक मलबे में फंसे लोगों की मदद के लिए खुदाई में जुटे रहे। पश्चिम जावा के आपदा प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख टेटेन अली मुंगकु एंगकुन ने बताया कि अस्थिर मिट्टी और लगातार बारिश की वजह से बचाव कार्य जटिल हो गया है। अधिकारियों ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया और सतर्क रहने की चेतावनी दी। इंडोनेशिया में बारिश और उच्च ज्वार के कारण बाढ़ और भूस्खलन अक्सर होते हैं। दिसंबर में सुमात्रा द्वीप पर आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 1,200 लोग मारे गए और 7,000 से अधिक घायल हुए थे। पिछले जनवरी में मध्य जावा में भी भारी बारिश और भूस्खलन में 20 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल लगातार राहत कार्यों में लगे हुए हैं। प्रशासन ने प्रभावित गांवों में अतिरिक्त मदद और राहत सामग्री भेजने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने लोगों से भूस्खलन या मिट्टी हिलने की आवाज सुनते ही तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की अपील की है। इस आपदा ने इंडोनेशिया के पहाड़ी और नदी किनारे बसे क्षेत्रों की संवेदनशीलता को फिर उजागर किया है।

### अपर्णा यादव ने दी चेतावनी, प्रतीक यादव ने टिप्पणी की

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यूपी की महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव और प्रतीक यादव के बीच विवाद नया मोड़ ले रहा है। अपर्णा यादव ने चेतावनी दी है कि वे उनके खिलाफ रची जा रही साजिश का पर्दाफाश करेंगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता के कारण उनका परिवार निशाने पर है, लेकिन वे डरने वाली नहीं हैं। इस विवाद की शुरुआत 19 जनवरी को प्रतीक यादव के इंस्टाग्राम पोस्ट से हुई, जिसमें उन्होंने अपर्णा से तलाक लेने की बात कही थी। प्रतीक ने मीडिया से कहा कि यह उनका पारिवारिक मामला है और इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे। वसंत पंचमी के दिन हरिद्वार में स्नान के दौरान अपर्णा यादव तलाक से जुड़े सवाल पर नाराज हो गईं। उन्होंने अश्लील तरीके से वीडियो बनाने का आरोप लगाया और सुरक्षा गार्ड की मदद से मीडिया से दूरी बनाई। इस दौरान उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ। अपर्णा उत्तराखंड प्रवास पर हैं और फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही हैं।

## पंजाब: सरहिंद रेलवे लाइन पर धमाका, सुरक्षा अधिकारी घायल



**यूनिक समय, चंडीगढ़/सरहिंद।** गणतंत्र दिवस से दो दिन पहले पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन की आउटर लाइन पर शुक्रवार की देर रात धमाका हुआ। घटना के समय इंजन गुजर रहा था। देर रात 11 बजे इसकी सूचना राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को दी गई। धमाके में डीएफसीसी के सेफ्टी ऑफिसर अनिल शर्मा को मामूली चोटें आईं, जो पूरी तरह स्वस्थ हैं। आम जनता या यात्री ट्रेनों को किसी प्रकार का खतरा नहीं था क्योंकि यह पटरी केवल मालगाड़ियों के लिए है।
घटना के बाद रोपड़ रेंज के डीआईजी नानक सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए। प्रारंभिक जांच में यह भी पाया गया कि धमाका तकनीकी खराबी के कारण भी हो सकता है। इंजन के शीशे टूट गए और ट्रैक को मामूली नुकसान हुआ। घटना के बाद पंजाब की राजनीति गरमाई। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इसे जानबूझकर पंजाब में डर फैलाने की कोशिश बताया। वहीं शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल ने इसे कानून–व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का संकेत करार दिया। उन्होंने प्रभावित लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और जांच जारी है।

### तेजस्वी यादव बन सकते हैं आरजेडी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के लिए 25 जनवरी का दिन महत्वपूर्ण है। पटना के होटल मौर्या में इस दिन होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उन्हें पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इस फैसले पर अंतिम मुहर फखऊसुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा लगाई जाएगी।

### बेल्लारी, कर्नाटक : भाजपा विधायक के घर में आग

## साजिश की आशंका, आठ आरोपी गिरफ्तार



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बेल्लारी में बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री जी जनार्दन रेड्डी के मॉडल हाउस में आग लगने की घटना सामने आई है। विधायक उस समय बेंगलुरु में विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने गए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने बेल्लारी पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया और तुरंत घर लौटने का फैसला किया। आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फिलहाल संपत्ति को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। इस आगजनी की घटना के पीछे साजिश की आशंका जताई जा रही है। हाल ही में जनार्दन रेड्डी और कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थकों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शिकायत दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बेल्लारी रेंज के डॉ. हर्षा ने बताया कि इस मामले में छह नाबालिगों सहित कुल आठ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। आरोपी पहले भी इस लेआउट में घूमते रहे हैं और पुलिस का कहना है कि सुनसान इलाके का फायदा उठाकर कुछ लड़के वहां आग लगाने आए थे। पुलिस ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही आगजनी के असली कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## गांव अड़ींग 1857 क्रांति का गवाह

# आज भी संजोए है 70 क्रांतिकरियों की शहादत की कहानी

संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन–मथुरा मार्ग स्थिच गांव अड़ीग 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। ब्रज क्षेत्र में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी चिंगारी में इस गाँव की भूमिका अहम मानी जाती है। ब्रिटिश शासन ने विद्रोह को कुचलने के लिए अड़ीग के 70 क्रांतिकारियों को फांसी दे दी थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों पर कई महीनों तक अत्याचार किए गए जिसके निशान आज भी गाँव के इतिहास में दर्ज हैं। गाँव में स्थित भरतपुर के नरेश महाराजा सूरजमल की हवेली जो अब खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत की मूक गवाह हैं। अड़ीग के लोगों का स्वाधीनता आंदोलन में विशेष योगदान इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं।



अड़ींग में बढ़ती क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण अंग्रेजी हुकूमत ने यहाँ एक पुलिस चौकी की स्थापित की थी। 1857 के गदर के दौरान बैरकपुर छावनी में सिपाही अख्तियार द्वारा कंपनी कमांडर की हत्या के बाद विद्रोह की लपटें मेरठ होते हुए देशभर में फैल गई।

इसका असर मथुरा क्षेत्र में भी देखा गया और अड़ींग क्रांति का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा। अड़ीग गाँव और यहाँ की ऐतिहासिक हवेली आज भी देशभक्ति त्याग और बलिदान की गाथा को दर्शाती है।

# अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



पुलिस के साथ विवाद के दौरान मुकेश धनगर।

**यूनिक समय, मथुरा।** काशी के मणिकर्णिका घाट पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने के आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास, दिल्ली का घेराव करने के लिए रवाना होने से पूर्व डेंपियर नगर में एकत्रित हुए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस द्वारा रस्सी लगाकर कार्यकर्ताओं को रोके जाने का प्रयास किया गया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं रुके। इसके बाद पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर खींचतान हुई। इस दौरान हुई धक्का–मुक्की में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने अपने कपड़े फटने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने कांग्रेस महामंत्री रूपेश, विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष जीतू तथा धनगर समाज के सुरेश बाबा को हिरासत में ले लिया। इसके बावजूद भी प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए और कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता अहिल्याबाई होल्कर पार्क में ही धरने पर बैठ गए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान से जुड़ा यह मामला है और जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा।

## बसंतोत्सव में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमुग्ध



बसंतोत्सव कार्यक्रम में भाग लेते कलाकार एवं विद्यार्थी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** गुरु अजनेश्वरधाम भागवत संगीत विद्यापीठ एवं श्रीगोपाल संगीत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए संरक्षक डॉ हरेकृष्ण शर्मा शरद ने कहा कि ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल साधन संगीत ही है। संत किशोरीशरण भक्तमाली मुखियाजी ने राग बसंत में ध्रुपद धमार के प्राचीनतम पद सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ रामश्याम युगलबंधु ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह बसंतोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र–छात्राओं ने यमन एवं भीमपलासी राग में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भागवताचार्य डॉ मुकेश मोहन शास्त्री, तरुणकृष्ण, प्रिया शर्मा, नंदिनी शर्मा, शिवानी शर्मा, वैष्णवी, निकेश उद्धव दीपिका, दीपांशी संस्कार, चाणक्य, ब्रजकिशोर तथा रिया अनुराधा शर्मा आदि ने भाग लिया।

## मतदाता दिवस पर लखनऊ में मथुरा के दो शिक्षक सम्मानित होंगे





शिक्षा संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले के सर्वश्रेष्ठ बीएलओ सुपरवाइजर व बूथ लेवल अधिकारी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। गर्व की बात यह है कि सम्मानित होने वाले दोनों निर्वाचन कार्मिक बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक हैं। सम्मान के लिए राज्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक–एक सुपरवाइजर व बीएलओ के चयन हेतु निर्देश दिए गए थे। लखनऊ में होने वाले सम्मान समारोह के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले से बलवीर सिंह को सर्वश्रेष्ठ सुपरवाइजर व गोपाल कृष्ण को बीएलओ के लिए चयनित किया गया है। बलवीर सिंह बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कमला नेहरू में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री भी हैं। सर्वश्रेष्ठ बीएलओ के रूप में चयनित गोपाल कृष्ण गुप्ता भी बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत नौहझील के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। चयनित निर्वाचन कार्मिकों को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

## किशोरी रमण महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण



रैली में शामिल विद्यार्थी।

**यूनिक समय, मथुरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली। राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महापौर विनोद अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। यह रैली महाविद्यालय से ब्रज नगर, सौंख रोड, डेम्पियर नगर होते हुए भगत सिंह पार्क राजकीय संग्रहालय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई। रैली का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल तथा एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल कौशिक ने किया। कार्यक्रम में अमित कुमार जिला युवा अधिकारी, श्याम बाबू शुक्ला नेहरू युवा केंद्र, स्वीप कोर्डिनेटर प्रो. पल्लवी सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. सोनम यादव, डॉ. प्रतिभा, डॉ. रितु सुरेश ने भाग लिया।

## यूपी पंचायत चुनाव टलने के संकेत, 2027 के बाद हो सकते हैं चुनाव

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक अप्रैल-मई 2026 में पंचायत चुनाव होना मुश्किल माना जा रहा है और अब ये चुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद ही कराए जा सकते हैं। इसकी मुख्य वजह जनगणना–2027 बताई जा रही है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय ने 22 जनवरी को जनगणना–2027 का कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक हाउस लिस्टिंग का कार्य होगा, जबकि 1 से 28 फरवरी 2027 के बीच जनसंख्या गणना की जाएगी। यह जनगणना पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी। हाउस लिस्टिंग के दौरान प्रदेश के 75 जिलों में करीब 50 से 60 हजार शिक्षक, शिक्षामित्र, लेखपाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी तैनात रहेंगे। साथ ही जिलाधिकारी, सीडीओ, एसडीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जनगणना कार्य में लगे रहेंगे। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग के पास पंचायत चुनाव कराने के लिए पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध नहीं रहेगा, जिससे चुनाव टलने के संकेत मजबूत हो गए हैं।

# गिरिराज जी की शरण में पहुंचे मथुरा बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारी

**यूनिक समय, गोवर्धन।** मथुरा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी गिरिराज महाराज की शरण में पहुंचे। दानघाटी पर पूजा अर्चना की।

शनिवार को दानघाटी मंदिर में मथुरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष राजकृष्ण भारद्वाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा तथा ऑडिटर देवकीनंदन शर्मा ने गिरिराज जी के श्रृंगार दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सेवायत एडवोकेट पवन कौशिक ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला, दुपट्टा व प्रसादी देकर सम्मान किया।



गांव भवनपुरा में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह का स्वागत करते राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश चौधरी गोविंद सिंह व ग्रामीण।

इससे पहले बार एसोसिएशन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह अपने पैतृक गांव भवनपुरा पहुंचे, जहां राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश चौधरी गोविंद सिंह, हरेकृष्ण चौधरी सहित ग्रामीणों ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि वे सदैव अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेंगे और न्याय प्रणाली में सामने आ रही खामियों को दूर कराने का प्रयास करेंगे। सचिव मनोज शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से जारी रहेगी। उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर नेतृपाल प्रधान, नंदू नेताजी, धौरैला चौधरी एवं उदयवीर चौधरी आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और न्याय व्यवस्था में सुधार का लिया संकल्प

## करणी सेना और वन विभाग ने किया पौधारोपण

**यूनिक समय, मथुरा।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना और वन विभाग ने संयुक्त रूप से गोवर्धन की तलहटी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत गिरिराज की तलहटी में सैकड़ों छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह राजावत ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा,वृक्ष धरा के वास्तविक आभूषण हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए न केवल पौधे लगाना आवश्यक है, बल्कि उनका पूर्ण संरक्षण करना भी हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर पवन शर्मा, भरत राजावत एवं ओमहरि आदि उपस्थित थे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053